


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 10 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -42 ■ अंक-162 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112




## जान हथेली पर रखकर बच्चे पार करते हैं नदी

### अधूरे पुल का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वत: संज्ञान, मुख्य सचिव को नोटिस भेजकर मांगा जवाब

गरियाबंद,10 सितंबर। पुल के निर्माण में देरी से स्कूली बच्चों की जान पर बन आई है। स्कूल जाने के लिए कोई और मार्ग नहीं है। लिहाजा बच्चे अधूरे पुल से खतरों का सामना करते हुए स्कूल जाते हैं।राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक इलाके में स्कूली बच्चों के अधूरे बने पुल से नदी पार करने के खतरों की खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो हफ्ते के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। लगभग छह साल से बन रहा यह पुल अभी भी अधूरा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद ज़िले के मैनपुर ब्लॉक इलाके में खंभाथा और आस-पास की बस्तियों के दर्जनों बच्चों को स्कूल जाने के लिए पैरी नदी पार करनी पड़ती है। इसके लिए उन्हें एक अधूरे पुल से जुड़ी संकरी और फिसलन भरी लोहे की सीढ़ी पर चढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बताया गया है कि मॉनसून के दौरान यह उथली नदी तेज़ बहाव वाली नदी में बदल जाती है।

आयोग ने पाया है कि अगर मीडिया रिपोर्ट की बातें सच हैं, तो यह मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। इसलिए, आयोग ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो हफ़्ते के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।3 सितंबर को आई रिपोर्ट के अनुसार, मैनपुर ब्लॉक में देहारगुडा और खंभाथा के बीच लगभग 300 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य पिछले छह साल से चल रहा है। अधिकारियों ने लगभग एक साल पहले ग्रामीणों को भरोसा दिलाया था कि यह पुल छह महीने में बनकर तैयार हो जाएगा।

## दिवाली से पहले दिवाली

### 17 को रायपुर में जलेंगे 25000 दीये

**रायपुर,10 सितंबर।** 17 सितंबर को छत्तीसगढ़ में दिवाली से पहले दिवाली मनाई जाएगी। सेवा संकल्प अभियान के तौर पर सभी सरकारी इमारतों में दीये की रोशनी की जाएगी तो बीजेपी नेताओं, कार्यकर्ताओं के घरों में भी आशीर्वाद के दीये जलाए जाएंगे। पता चला है रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा है कि वे रायपुर में 25 हजार दीये जलवाएंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों से कहा कि इस आयोजन से आम नागरिकों को ज्यादा-से-ज्यादा जोड़ना चाहिए। उन्हें सरकारी योजनाओं से हो रहे बदलावों के बारे में बताया जाए। कुल मिलाकर 17 सितंबर को देश के साथ छत्तीसगढ़ भी मोदीमय होगा। सेवा का संकल्प अभियान का डिजाइन ऐसा किया गया है कि जेन जी से लेकर सभी वर्गों के लिए कोई-न-कोई कार्यक्रम इस दौरान आयोजित किया जाएगा।

**'आशीर्वाद का दीया' से होगा अभियान का शुभारंभ**-अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगा। इस दिन शाम को जिले के प्रत्येक परिवार को दीप प्रज्वलित कर अभियान से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक दीप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति नागरिकों के आभार और विकसित भारत-2047 के संकल्प का प्रतीक होगा। मैदानी अमला घर-घर पहुंचकर नागरिकों को इस पहल की जानकारी देगा तथा उन्हें दीप प्रज्वलन के माध्यम से अभियान में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करेगा। इस गतिविधि का उद्देश्य विकास के संकल्प को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर इसे जन-जन और घर-घर का संकल्प बनाना है।

**बच्चों की कल्पनाओं में दिखेगा विकसित भारत**-25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' पहल के अंतर्गत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को विकसित भारत की अपनी कल्पना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्यों को रचनात्मक अभिव्यक्ति देने का अवसर मिलेगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही बच्चों द्वारा तैयार की गई श्रेष्ठ कलाकृतियों एवं उनकी कल्पनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन के सामने रखा जाएगा।

**नुक्कड़ नाटकों के जरिए आमजन तक पहुंचेगी 'नमो सेवा गाथा'**-अभियान के दौरान 'नमो सेवा गाथा' के अंतर्गत 17 सितंबर से विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाट्य प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, उनके उद्देश्यों और योजनाओं से लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की कहानियों को रोचक एवं प्रभावी तरीके से आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

### चातुरी और अशोक बने प्रदेश एससी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष

**रायपुर,10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग ने राज्य में बड़ी नियुक्तियां की हैं। सरायपाली से कांग्रेस विधायक चातुरी नंद और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अशोक राजवाल को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के SC विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया है इससे पहले एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये गए थे। कांग्रेस की यह पूरी कोशिश सतनामी समाज को साधने की है।

### रायपुर जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**रायपुर, 10 सितंबर** सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेश के तहत रायपुर जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। यह अवकाश रायपुर जिले, शहर (राजधानी) स्थित शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में लागू होंगे। जारी आदेश के अनुसार नुआखाई पर्व के लिए 15 सितंबर 2026 (मंगलवार), महाअष्टमी के लिए 19 अक्टूबर 2026 (सोमवार) तथा गोवर्धन पूजा (दीपावली के दूसरे दिन) के लिए 9 नवंबर 2026 (सोमवार) को स्थानीय अवकाश रहेगा। जारी आदेश के अनुसार ये अवकाश रायपुर जिले के अंतर्गत संबंधित शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं पर लागू होंगे।

### 7 साल बाद भारत आएंगे शी जिनपिंग

**नई दिल्ली,10सितंबर।** ब्रिक्स समिट के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत आने की उम्मीद है। बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से उनके भारत दौरे का आधिकारिक ऐलान किए जाने की संभावना है। अगर दौरा तय होता है तो शी जिनपिंग शनिवार दोपहर दिल्ली पहुंच सकते हैं। शाम करीब 6 बजे भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात हो सकती है।

ब्रिक्स समिट के दौरान मोदी और शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक भी प्रस्तावित हो सकती है। भारत-चीन रिश्तों के लिहाज से इस मुलाकात पर खास नजर रहेगी। सबसे बड़ा पहलू यह है कि यह करीब 7 साल बाद भारतीय जमीन पर दोनों नेताओं की द्विपक्षीय मुलाकात हो सकती है। गलवान झड़पों के बाद भी भारत में दोनों नेताओं की यह पहली द्विपक्षीय बैठक होगी।

### समय से पहले अबू सलेम की रिहाई की मांग खारिज

**नई दिल्ली,10 सितंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में दोषी और गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने उम्रकैद की सजा से पहले रिहाई की मांग की थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बॉम्बे हाई कोर्ट के उस फैसले में कोई कमी नहीं मिली, जिसमें सलेम की याचिका को खारिज कर दिया गया था। सलेम ने तर्क दिया था कि जेल में रहने के दौरान मिली छूट को ध्यान में रखते हुए उसने अपनी सजा के 25 साल पूरे कर लिए हैं और इसलिए उसे रिहा किया जाना चाहिए। हालांकि, बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा था कि उसकी 25 साल की सजा 2030 में ही पूरी होगी।

## भारत और भगवा का अपमान बर्दाश्त नहीं: शुभेन्दु अधिकारी



**कोलकाता,10 सितंबर।** पश्चिम बंगाल का जादवपुर विश्वविद्यालय एक बार फिर राज्य की तेज होती राजनीतिक और वैचारिक लड़ाई का अखाड़ा बन गया है। बुधवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने गोलपार्क से जादवपुर विश्वविद्यालय के गेट तक करीब तीन किलोमीटर लंबी 'गेरुआ सम्मान यात्रा' निकालकर राष्ट्रविरोधी नारों और ताकतों के खिलाफ बेहद कड़ा रुख अपनाया। साधु-संतों, संन्यासियों और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ निकली इस यात्रा में 'जय श्रीराम' के नारे गूंजते रहे और अधिकारी स्वयं भगवा वस्त्र तथा गेरुआ ध्वज लेकर आगे चलते दिखाई दिए। विश्वविद्यालय के बाहर सभा को संबोधित करते हुए शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि जादवपुर जैसी प्रतिष्ठित संस्था में 'कश्मीर मांगे आजादी' और माओवादी नेता किशनजी के समर्थन में लगाए जाने वाले नारों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसे तत्वों को ''उखाड़ फेंकने'' का संकल्प लिया है। शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय श्री अरविंद की भूमि और उत्कृष्टता का केंद्र है। उनका कहना था कि पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री अच्छी तरह जानता है कि विश्वविद्यालय परिसर से 'कश्मीर मांगे आजादी' और 'लाल सलाम टू किशनजी' जैसे नारों को कैसे खत्म किया जाए। हम आपको बता दें कि किशनजी शीर्ष माओवादी नेताओं में शामिल था और 2011 में पश्चिम मेदिनीपुर में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था।

मुख्यमंत्री ने गेरुआ रंग के अपमान को भी मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि अब भगवा रंग के प्रति किसी भी कथित अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शुभेन्दु अधिकारी ने घोषणा की कि वह जादवपुर दोबारा आएंगे, एक बार गीता पाठ करने और दूसरी बार हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए। उन्होंने लोगों से जादवपुर विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वैदिक पाठ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील भी की। सभा में शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि यह स्वामी विवेकानंद की धरती है.

## तारा कोल ब्लॉक नीलामी को लेकर कांग्रेस का केंद्र पर हमला, हसदेव को अडानी के हवाले किया

**नई दिल्ली, 10 सितंबर।** हसदेव अरण्य के तारा कोल ब्लॉक की हालिया नीलामी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ के जैव-विविधता से समृद्ध और संवेदनशील हसदेव अरण्य क्षेत्र को केंद्र सरकार ने अडानी समूह के हवाले कर दिया है। तारा कोल ब्लॉक के आवंटन में कंपनी ने 37.50 प्रतिशत की उच्चतम राजस्व हिस्सेदारी की बोली लगाई है।जयराम रमेश ने कहा कि तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर तारा समेत हसदेव क्षेत्र के सभी कोल ब्लॉकों को नीलामी से बाहर रखने की मांग की थी। उन्होंने संबंधित दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि सरकार बदलने के करीब तीन साल बाद तारा कोल ब्लॉक की नीलामी कर दी गई।कांग्रेस के अनुसार, 26 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ विधानसभा ने सर्वसम्मति से हसदेव अरण्य में सभी कोयला ब्लॉकों का आवंटन रद्द करने का अशासकीय संकल्प पारित किया था। इसके बाद 23 जून 2023 को राज्य के खनिज साधन विभाग ने केंद्र से तारा समेत नौ कोल ब्लॉकों को नीलामी प्रक्रिया से बाहर रखने की सिफारिश की थी।कांग्रेस का दावा है कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नए खनन का विरोध करते हुए शपथ पत्र भी दिया था। इसके बाद 19 अक्टूबर 2023 को केंद्रीय कोयला मंत्रालय ने तारा समेत 40 ब्लॉकों को नीलामी प्रक्रिया से अलग कर दिया था।

## शशिकांत 10 साल से बिस्तर पर, सीएम साय के फोन से बेहतर इलाज

**धमतरी,10 सितंबर।** 10 साल से बिस्तर पर जिंदगी गुजार रहे शशिकांत भरत के लिए अब इलाज की नई उम्मीद जगी है। उनकी परेशानी जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तक पहुंची, तो सीएम ने खुद फोन पर शशिकांत से बात कर बेहतर इलाज का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री की पहल के बाद जिला प्रशासन ने शशिकांत को बेहतर उपचार के लिए एम्स भेजा है। दरअसल, धमतरी के नगरी वनांचल निवासी शशिकांत भरत करीब 10 साल पहले सड़क हादसे का शिकार हुए थे। हादसे में उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई थी, जिसके बाद वह पूरी तरह से लकवाग्रस्त हो गए थे। इसके बाद से शशिकांत कई वर्षों से बिस्तर पर ही जिंदगी गुजार रहे हैं। लंबे समय से इलाज की जरूरत के बीच उन्होंने मदद के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गुहार लगाई।शशिकांत की परेशानी की जानकारी मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बाद सीएम साय ने उनसे फोन पर बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शशिकांत को बेहतर इलाज का वादा किया। मुख्यमंत्री की पहल के बाद जिला प्रशासन ने उनके उपचार की जिम्मेदारी लेते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें एम्स भेजा है। अब शशिकांत को बेहतर उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ओर से उन्हें 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी गई है।शशिकांत ने खुद वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री की पहल और प्रशासन की मदद की जानकारी दी है।

## पुलिस हिरासत में मौत,थाने के सामने जमकर हंगामा

**जांजगीर-चांपा,10 सितंबर।** छत्तीसगढ़ जांजगीर-चांपा जिले के चांपा पुलिस थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है। महुआ शराब के मामले में गिरफ्तार किए गए मेहंदीपारा निवासी शिव साहिस उर्फ गुल्लू की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों और मोहल्लेवासियों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोगों ने चांपा थाने का घेराव कर दिया है। चांपा पुलिस ने बीते दिनों शिव साहिस को महुआ शराब से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद रात में उसकी तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए शासकीय बीडीएम अस्पताल चांपा में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि सुबह तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



शिव साहिस की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन और मोहल्लेवासियों की नाराजगी बढ़ने लगी है। परिजनों का आरोप है कि शिव की मौत पुलिस अभिरक्षा में हुई है और गिरफ्तारी के दौरान उसके साथ मारपीट की गई थी। इसी आरोप को लेकर लोगों ने चांपा थाना पहुंचकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों की ओर से मामले में दो पुलिसकर्मियों को नौकरी से हटाने तथा उचित मुआवजा देने की मांग रखे जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद थाना परिसर के आसपास तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए नगर के जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक भी मौके पर पहुंचने लगे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ लोग परिजनों से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि कुछ लोगों द्वारा परिजनों के साथ खड़े होकर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया जा रहा है।

## मुंबई-गोवा एक्सप्रेस-वे के निर्माण देरी से गडकरी शर्मिंदा

**मुंबई,10 सितंबर।** मुंबई-गोवा एक्सप्रेसवे के निर्माण में अत्यधिक देरी पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 'शर्मिंदगी' जताते हुए इसके उद्घाटन में शामिल न होने की घोषणा की है। उन्होंने अक्टूबर में स्वयं हाईवे का निरीक्षण करने और देरी व खराब काम के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों तथा अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रखने का संकल्प लिया है, जिसमें ब्लैकलिस्टिंग और निलंबन भी शामिल है। यह कदम इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में जवाबदेही तय करने पर सरकार के सख्त रुख को दर्शाता है। मुंबई-गोवा हाईवे को चौड़ा करने का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है, जिसे देखते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने चेतावनी दी है कि बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपनी चेतावनी पर अमल करते हुए, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने घोषणा की कि वे अक्टूबर में मुंबई-गोवा सड़क निर्माण कार्य का पूरा निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा, गडकरी ने ठेकेदारों को एक कड़ा संदेश दियाः वे इस प्रोजेक्ट के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगे।



**बोले- उद्घाटन में नहीं आऊंगा!**

गोवा की राजधानी पणजी के पास पोरवोरिम में छह-लेन वाले एलिवेटेड रोड कॉरिडोर का उद्घाटन करने के बाद गडकरी ने कहा कि मैंने घोषणा की थी कि मैं मुंबई-गोवा हाईवे के उद्घाटन के लिए नहीं आऊंगा क्योंकि मुझे इस बात पर शर्मिंदगी महसूस हो रही थी कि इसमें इतनी देरी हो गई है। यह हाईवे महाराष्ट्र के तटीय कोंकण इलाके से होकर गुज़रता है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि मैं अक्टूबर में मुंबई एयरपोर्ट पहुँचूँगा और सड़क मार्ग से गोवा जाऊँगा ताकि खुद हाईवे का निरीक्षण कर सकूँ और यह देख सकूँ कि यात्रियों के लिए यात्रा सुविधाजनक हुई है या नहीं। इस कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक, राज्य के लोक निर्माण विभाग के मंत्री दिगंबर कामत और पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे शामिल हुए।

गडकरी ने कहा कि साथ ही, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में देरी और खराब काम के लिए ज़िम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ़ सख़्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अब मैं एक साल के अंदर सबसे ज़्यादा ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और उनके खिलाफ़ कार्रवाई करने, साथ ही अधिकारियों को सस्पेंड करने का रिकॉर्ड बनाना चाहता हूँ। मैं अब ऐसा करना बंद नहीं करने वाला हूँ। अप्रैल 2015 में, गडकरी ने कहा था कि लंबे समय से अटके मुंबई-गोवा हाईवे का काम उस साल जून तक पूरा होने की उम्मीद है। इस हाईवे से रोज़ाना सफ़र करने वालों और कोंकण जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी, जिन्हें सालों से गड्ढों वाली सड़कों से गुज़रना पड़ा है। गडकरी ने ज़मीन अधिग्रहण से जुड़े कानूनी विवादों और अंदरूनी झगड़ों को देरी की मुख्य वजह बताया था। एक और चुनौती निचले इलाकों में पानी का जमाव रही है, खासकर मॉनसून के दौरान, जिससे निर्माण कार्य और सड़क के इस्तेमाल पर असर पड़ा। हालांकि, गडकरी ने कहा था कि ये समस्याएं सीमित दायरे तक ही थीं। इस साल मार्च में, उन्होंने बताया था कि वन विभाग से मंजूरी न मिलने के कारण हाईवे के कुछ हिस्सों पर काम में देरी हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि कुछ हिस्से ऐसे हैं जहां सड़कें अधूरी हैं क्योंकि वे वन क्षेत्रों से होकर गुज़रती हैं। हम सीधे तौर पर स्पष्टीकरण ले रहे हैं और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर इन मुद्दों को सुलझा रहे हैं।

Bringing back the decade of the golden era of grace.
#80strend #80svibes #memories




यह तस्वीर डिप्टी सीएम अरुण साव की कालेज की दिनों की है

# निगम के 70 वार्डों का आरक्षण तय, 35 सामान्य और 23 ओबीसी वार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के 70 वार्डों के लिए वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया बुधवार को कला मंदिर, सिविक सेंटर में संपन्न हुई। राज्य शासन के निर्धारित नियमों के तहत लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से वार्डों का आरक्षण तय किया गया। प्रक्रिया के दौरान जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, उपायुक्त




डीके कोसरिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के समक्ष पर्चियां निकालकर 70 वार्डों का आरक्षण निर्धारित किया गया। आरक्षण में 35 वार्ड सामान्य वर्ग, 23 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), 9 वार्ड अनुसूचित जाति (एससी) तथा 3 वार्ड अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित किए गए हैं। वार्ड आरक्षण की पूरी प्रक्रिया सार्वजनिक रूप से आयोजित की गई, जिससे जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को आरक्षण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। अधिकारियों ने शासन द्वारा निर्धारित नियमों और प्रावधानों के अनुरूप प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया। आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही संबंधित वार्डों से पात्र नागरिक अब निर्धारित वर्ग के आरक्षण के अनुरूप आगामी नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद पद के लिए दावेदारी कर सकेंगे।

### चुनावी गतिविधियां होंगी तेज

70 वार्डों के आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद भिलाई निगम क्षेत्र में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल बढ़ने की संभावना है। आरक्षित वार्डों में संभावित प्रत्याशियों ने अपनी राजनीतिक जमीन तलाशनी शुरू कर दी है। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों में भी चुनावी समीकरणों को लेकर गतिविधियां तेज होने के आसार हैं।

# पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं एवं प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं राड मिल में रील मेकिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य तथा मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रारंभ में योगेश शास्त्री ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने अपने संबोधन में सुरक्षा को कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा इसे व्यवहार में आत्मसात करने का आह्वान किया। विभागीय सुरक्षा अधिकारी शशांक शर्मा ने प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं आयोजन के उद्देश्य की जानकारी दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अप्पू बेहरा ने प्रथमए दीपेश चुघ ने द्वितीय तथा प्रखर मिश्रा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक गण सहायक महाप्रबंधक ;जनसंपर्कद्ध जवाहर बाजपेयीए सहायक महाप्रबंधक शोवन घोष एवं सहायक महाप्रबंधक श्रीमती हर्षल अग्रवाल को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संचालन सुनील कुमार सोनी ने किया तथा आशीष ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### मुनाफे का झांसा दे लाखों की ठगी

**भिलाई, 10 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई सोशल मीडिया के जरिए ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का झांसा देकर भिलाई के एक व्यक्ति से 9 लाख 72 हजार रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी का मामला सामने आया है आरोपियों ने पीड़ित को प्रतिदिन 40 प्रतिशत राशि वापस करने का भरोसा दिलाकर अलग-अलग खातों और यूपीआई आईडी में रकम जमा कराई जब पीड़ित को अपनी जमा राशि के बदले 46 लाख 23 हजार रुपये वापस मिलने थे, तब आरोपियों ने खाता संख्या गलत होने का हवाला देते हुए दोबारा पैसे जमा करने के लिए कहा। संदेह होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की सेक्टर-7 निवासी महेन्द्र कुमार (53 साल ) ने भिलाई नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराया शिकायत के अनुसार नवंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच आरोपियों ने फेसबुक के माध्यम से उनसे संपर्क किया इस के बाद व्हाट्सएप पर ट्रेडिंग के नाम पर बातचीत करते हुए प्रतिदिन 40 प्रतिशत रिटर्न का लालच दिया गया आरोपियों के झांसे में आकर महेन्द्र कुमार ने अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई माध्यमों से कुल 9,72,000 रुपये जमा कर दिए पीड़ित के अनुसार जब रकम वापसी का समय आया तो आरोपियों ने 46,23,000 रुपये वापस करने की बात कही, लेकिन बाद में खाता संख्या गलत होने का हवाला देकर फिर से रकम जमा करने के लिए दबाव बनाया। इस पर महेन्द्र कुमार को धोखाधड़ी का संदेह हुआ और उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करायी है महेन्द्र कुमार की रिपोर्ट पर भिलाईनगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है पुलिस ने मामले में गीता और दीपेश चावला के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों से जुड़े मोबाइल नंबरों, बैंक खातों और यूपीआई लेनदेन की जांच कर रही है साथ ही ठगी की रकम के लेनदेन और आरोपियों से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।



### लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 10 सितम्बर (तछसं.)।** भिलाई धारदार हथियार के साथ लोगों को आतंकित करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी शामित मिश्रा ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिलने पर धारदार हथियार धमकाने वाले युवक आशीष कुमार वर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, प्रहलाद उर्फ पाव और अपचारी बालक को पकड़ा गया आरोपियों ने मारपीट, धारदार हथियार से हमला कर फरार चल रहे थे आईआईटी रोड, सारवे होटल के पास में भी धमकाने के लिए हथियार लेकर घूम रहे थे शिकायत ग्राम खपरी निवासी कमलकांत धनकर अपने दोस्त हिमाचल के साथ ट्रांसपोर्ट नगर शराब भट्टी जाने वाली सड़क पर खड़ा था तभी आशीष कुमार वर्मा अपने दोस्त प्रहलाद उर्फ पाव, अपचारी बालक के साथ बाइक पर पहुंचा था नाम गलत पुकारने की बात को लेकर विवाद होने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर दिया आशीष कुमार द्वारा धारदार लोहे के हथियार से पीड़ित के जांघ पर वार कर घायल कर दिया जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने धारदार लोहे का हथियार बाइक सीजी 07 एलएच 6867 को भी जब्त किया है।

### नाली निर्माण में गड़बड़ी पर महापौर ने रुकवाया काम, ठेकेदार को लगाई फटकार

**दुर्ग,10 सितंबर।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर महापौर अलका बाघमार लगातार निरीक्षण कर रही हैं। निर्माण कार्य में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर महापौर ने बुधवार को लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, सहायक अभियंता सुरेश केवलानी, उपअभियंता विकास दमाहे,सिद्धार्थ साहू एवं संबंधित ठेकेदार के साथ वार्ड क्रमांक 04 स्थित गया नगर, मुक्ति धाम के पीछे चल रहे नाली निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में तकनीकी खामियां पाए जाने पर महापौर ने तत्काल काम रुकवाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने नाली निर्माण की बारीकी से जांच की। इस दौरान नाली के बेस में निर्धारित 4 इंच की जगह मात्र 2 इंच निर्माण पाया गया। इसी प्रकार नाली के राफ्ट टॉप में भी निर्धारित मापदंड के अनुरूप निर्माण नहीं मिला। महापौर ने मौके पर नाली की जाली उखड़वाकर निर्माण की वास्तविक स्थिति की जांच कराई और संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण तरीके से दोबारा कार्य करने के निर्देश दिए।

महापौर अलका बाघमार ने निर्माण कार्य में सही तकनीकी ढांचे एवं निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किए जाने पर ठेकेदार के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

# विकसित भारत जी राम जी योजना में ग्रामीणों को मिल रहा है रोजगार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,10 सितंबर।** कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में विकसित भारत जी राम जी योजना अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निर्माण कार्य चल रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा रोजगार की मांग करने पर गांव में त्वरित रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रत्येक दिन काम पूरा करने पर ग्रामीणों को ?300 का मजदूरी भुगतान प्राप्त हो रहा है। ग्रामीण परिवारों को उनकी मांग पर 150 दिनों का रोजगार मिल रहा है। कलेक्टर कबीरधाम श्रीमती तूलिका प्रजापति के निर्देशानुसार जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा सभी ग्राम पंचायतो के लिए बड़े पैमाने पर कार्य की स्वीकृति पूर्व से करके रखी गई है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के 471 ग्राम पंचायतो में लगभग 820 निर्माण कार्य चल रहे हैं। इनमें आजीविका डबरी, तालाब निर्माण, बालिका शौचालय एवं मुक्तिधाम सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल है। निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतो में क्यूआर कोड चस्पा किया गया है। इस कोड को कोई भी ग्रामीण अपने मोबाइल फोन के स्कैनर से स्कैन करके विगत वर्षों में हुए कार्यों और उस पर हुए ख़र्च की जानकारी तत्काल प्राप्त कर सकता है। ऐसे ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत निर्मित आवासो की जानकारी भी क्यूआर कोड के द्वारा ग्रामीणों को सहज प्राप्त हो रही है।

### रोजगार दिवस के अवसर पर विकसित भारत जी राम जी योजना के फायदे से ग्रामीण हुए रूबरू

विकसित भारत जी राम जी योजना से ग्रामीणों को लाभ उठाने के लिए रोजगार दिवस में प्रेरित किया गया। इस दौरान योजना अंतर्गत हितग्राही एवं सामुदायिक मूलक कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।क्यूआर कोड स्कैन कर निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास समय पर पूरा करने कहा गया और निर्माण से जुड़ी सभी तकनीकी जानकारियां दी गई।

हितग्राही मुलक कार्यों में पशु शेड, निजी डबरी, आजीविका डबरी, सामुदायिक डबरी और कूप निर्माण जैसे कार्यों से जल संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और आजीविका के नए साधन मिलने के विषय में ग्रामीणों को रोजगार दिवस पर जानकारी दी गई।

# कोलिहापुरी में कुर्मी संझा का रजत जयंती समारोह 19 से



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 10 सितम्बर।** कूर्मि संझा के 25वें वर्ष रजत जयंती एवं 16वें प्रांतीय महाधिवेशन का आयोजन 19 एवं 20 दिसंबर को कोलिहापुरी में किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष विजय बघेल ने कहा कि कूर्मि संझा का रजत जयंती वर्ष समाज के लिए ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने आयोजन को सामाजिक संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाने तथा समाज के सभी वर्गों की सहभागिता और योगदान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। युवा कूर्मि मित्र मंडल भिलाई नगर के अध्यक्ष अजय चंद्राकर ने आयोजन की प्रस्तावित रूपरेखा एवं विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। वहीं केन्द्रीय दिल्लीवार कुर्मी समाज के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख ने आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में कूर्मि संझा के संयोजक डाकेश्वर परगनिहा, महिला संयोजिका रीना देशमुख, अखिल भारतीय कुर्मी समाज के संरक्षक मन्नूलाल परगनिहा, प्रदेश कूर्मि समाज के संरक्षक अश्वनी चंद्राकर, डॉ. राजेन्द्र हरमुख, युवा प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, जिला दुर्ग अध्यक्ष सुनील चंद्राकर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के राज प्रधान ईश्वरी वर्मा, कूर्मि संझा के सहसंयोजक पुष्पक राज देशमुख, चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के केन्द्रीय प्रतिनिधि विजय चंद्राकर, पूर्व संयोजक दिनेश वर्मा, राजेश वर्मा, मिथिला खिचरिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने सुझाव रखे। संचालन प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के महामंत्री मोरध्वज चंद्राकर ने किया, जबकि केशव बंटी हरमुख ने आभार व्यक्त किया।

# तरीघाट में मुक्तिधाम का इंतजार,फाइलों में अटका मामला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,10 सितंबर।** जिस गांव में जन्म से लेकर मृत्यु तक की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन और पंचायत की होती है, उसी तरीघाट गांव में ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के लिए आज तक स्थायी मुक्तिधाम की सुविधा नहीं मिल सकी है। सरकारी मुक्तिधाम की मांग को लेकर ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि कई बार आवेदन-निवेदन कर चुके हैं। अधिकारियों को मोबाइल के माध्यम से समस्या से अवगत कराया गया, मीडिया में खबरें भी प्रकाशित हुईं और कार्रवाई के आश्वासन भी मिले, लेकिन मुक्तिधाम अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। तरीघाट में सरकारी मुक्तिधाम की मांग लंबे समय से उठती रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष कई बार आवेदन और निवेदन किया है। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब समस्या की जानकारी अधिकारियों को है और आवेदन भी दिए जा चुके हैं, तो कार्रवाई आखिर किस स्तर पर अटकी हुई है? मुक्तिधाम जैसी मूलभूत सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों को वैकल्पिक व्यवस्था के भरोसे अंतिम संस्कार करना पड़ता है। बारिश के मौसम में परेशानी और बढ़ जाती है। बरसते पानी के बीच अंतिम संस्कार करना मृतक के परिजनों के लिए बेहद कठिन और पीड़ादायक स्थिति बन जाती है। मामले में फॉलोअप के दौरान अधिकारियों से चर्चा करने पर जिम्मेदारी और कार्रवाई की स्थिति को लेकर स्पष्टता नहीं दिखाई दी। अलग-अलग स्तर पर अधिकारियों के जवाबों में विरोधाभास सामने आया। इससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर इस समस्या के लिए जिम्मेदार कौन है? आवेदन किस अधिकारी के पास दिया जाए, जवाब किससे मांगा जाए और निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए किस स्तर पर संपर्क किया जाए? अब सवाल केवल मुक्तिधाम निर्माण का नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का भी है। ग्रामीण जानना चाहते हैं कि मुक्तिधाम के लिए अब तक क्या प्रक्रिया पूरी हुई है, प्रस्ताव किस स्तर पर लंबित है, स्वीकृति की स्थिति क्या है और निर्माण कार्य कब तक शुरू होगा। तरीघाट के ग्रामीण अब आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने वाली कार्रवाई चाहते हैं।

### पिपराही तालाब किनारे विशेष पौधारोपण स्वजनों को दी गई श्रद्धांजलि भी

**अंवरी, 10 सितंबर।** नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित पिपराही तालाब के किनारे पर्यावरण संरक्षण और स्वजनों की स्मृति में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल वार्ड 9 की दिवंगत सुनारिन बाई साहू व परदेशी साहू तथा वार्ड 2 की दिवंगत डेरहीन बाई साहू की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के उद्देश्य से की गई।उपस्थित लोगों ने तालाब के किनारे पौधे रोपकर पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। जिसमें शोकाकुल परिवार के साथ सभी ने मिलकर रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल और उनके संरक्षण का संकल्प लिया ताकि ये पौधे आने वाले समय में एक बड़े वृक्ष का रूप ले सकें।वार्ड पार्षद भूपेंद्र यादव ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से लगातार पेड़ों के संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं।



### राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में लवकुश ने जीता स्वर्णपदक

**भिलाई, 10 सितम्बर।** जनता शिक्षण समिति द्वारा संचालित जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा नवमी के छात्र लवकुश शर्मा, पिता अनिल शर्मा ने राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 40 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। लवकुश की शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार ने लवकुश शर्मा को उनकी उपलब्धि पर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

### कीटनाशक विक्रय केन्द्रों में अनियमितता पर लाइसेंस निलंबन एवं निरस्तीकरण की कार्रवाई

**धमतरी, 10 सितंबर ।** जिले में खरीफ सीजन के दौरान धान की फसल में कीट-व्याधियों के प्रकोप को देखते हुए कीटनाशकों की मांग एवं बिक्री में वृद्धि हुई है। किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने तथा कीटनाशक विक्रय में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा जिले के कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का सतत निरीक्षण एवं जांच किया जा रहा है। संचालक कृषि के निर्देशन एवं कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में कीटनाशक निरीक्षकों द्वारा विक्रय केन्द्रों में दस्तावेजों, मूल्य सूची, स्टॉक, भंडारण व्यवस्था एवं अन्य निर्धारित मापदण्डों की जांच की जा रही है।

# पावर हाउस स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान चलाकर 1.25 लाख से अधिक वसूला राजस्व



**भिलाई, 10 सितम्बर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल द्वारा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों के साथ 13 ट्रेनों में एंबुश टिकट चेकिंग की गई। अभियान के दौरान कुल 166 मामले दर्ज कर 1 लाख 25 हजार 265 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करते हुए 114 यात्री पकड़े गए, जिनसे 97,870 रुपए का राजस्व वसूला गया। वहीं अनियमित टिकट के साथ यात्रा करने वाले 30 यात्रियों से 25,395 रुपए, अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 21 यात्रियों से 2,100 रुपए तथा रेल परिसर में गंदगी फैलाने के एक मामले में 1,000 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद, मंडल मुख्य टिकट निरीक्षक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक-टिकट चेकिंग सहित 14 टिकट चेकिंग स्टाफ एवं 2 रेलवे सुरक्षा बल के जवान शामिल रहे।

# स्व. कमला देवी साहू की पुण्यतिथि पर तीज मिलन एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**उतई,10 सितंबर।** स्व. श्रीमती कमला देवी साहू जी की पुण्यतिथि के अवसर पर तहसील स्तरीय तीज मिलन एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री, छ.ग. , छ.ग. शासन रमशीला साहू अध्यक्षता अध्यक्ष, जिला साहू संघ दुर्ग नंदलाल साहू विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री, मध्यप्रदेश शासन जागेश्वर साहू,पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू,पूर्व अध्यक्ष, हस्तलिपि बोर्ड छ.ग. शासन दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष, जिला सह. केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग राजेन्द्र साहू पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, साहू संघ छ.ग. एवं पूर्वूर्व गृह मंत्री छ.ग. शासन ताम्रध्वज साहू (सहपरिवार)कार्यक्रम का आयोजन तहसील साहू समाज एवं परिजनों के संयुक्त तत्वाधान में किया गया था, जिसमें तहसील क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. कमला देवी साहू जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उसके बाद तीज मिलन समारोह में महिलाओं ने पारंपरिक तीज गीतों, फुगड़ी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समा बांध दिया।इसी के साथ मानव सेवा के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में बीपी, शुगर, नेत्र परीक्षण एवं सामान्य चिकित्सा परामर्श दिया गया।विशेष अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जी ने कहा कमला देवी मेरे जीवन की प्रेरणा थीं। उनकी स्मृति में किया गया यह सेवा कार्य ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। तीज जैसे पवित्र पर्व पर मातृशक्ति का सम्मान करना उनका हमेशा सपना था।पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा स्व. कमला देवी साहू जी एक सरल और सेवाभावी महिला थीं। आज उनके नाम पर महिलाओं को एक मंच पर लाकर और स्वास्थ्य शिविर लगाकर समाज ने एक अनुकरणीय पहल की है।साहू समाज की महिला पदाधिकारी लक्ष्मी साहू ने कहा तीज मिलन से हमारी संस्कृति जीवित रहती है और ऐसे स्वास्थ्य शिविर से गरीब महिलाओं को सीधा लाभ मिलता है। यह आयोजन हर साल होना चाहिए।शिविर में आए चिकित्सको ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिविर बहुत जरूरी हैं। आज बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी जांच कराई, जो जागरूकता का प्रतीक है।इस अवसर पर संरक्षकश्री जगदीश दीपक, डॉ. टिकम साहू, प्रीतम साहू अध्यक्षश्री पुसाऊ राम साहू,कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन राम साहू,उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू,उपाध्यक्ष लक्ष्मी साहू महासचिव उमाशंकर साहू कोषाध्यक्ष, द्वारिका प्रसाद साहूकार्यालय प्रभारी कुलदीप साहू संगठन सचिव सुमरण साहू,संगठन सचिव द्रौपती साहू प्रचार सचिव पुनार राम साहू, सेवाराम साहू अंकेक्षक घनश्याम सिंह साहू,जिला प्रतिनिधिभेखा राम साहू वरिष्ठ सलाहकार फूलचंद साहू, रोहित साहू, राजकुमार साहू, सुमन्त साहू,न्याय प्रकोष्ठ संयोजक छबिलाल साहू,सदस्य (न्याय)सर्वश्री शंकर लाल साहू, अश्वनी साहू, दिलीप साहू, उर्मिला साहू, कल्याण साहू,महिला प्रकोष्ठ संयोजक रेखा साहूरीना साहू, पूर्णिमा साहू, माया साहू,युवा प्रकोष्ठ संयोजक रवि साहू,सदस्य (युवा) योगेश साहू, दुर्गेश साहूचिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. पिलेश्वर साहू अधि. कम. 'प्रकोष्ठ संयोजक जन्मजय साहू कृषि प्रकोष्ठ संयोजक बैसाखू राम साहूविवाह प्रकोष्ठ संयोजक संतोष साहू,व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक लक्ष्मी नारायण साहू,मीडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू विधि प्रकोष्ठ धुवेन्द्र कुमार साहू,स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ उत्तम कुमार साहू,कमल नारायण बनपेलाकार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं महिलाओं के लिए सहभोज का आयोजन किया गया।

# आवेदन देने के बाद भी नहीं हो रहा समस्या का समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मगरलोड, 10 सितम्बर।** ग्राम पंचायत मोहंदी के आश्रित गांव जामली के ग्रामीणों को राशन के लिए दर-दर भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। शासन की योजनाओं और खाद्य सुरक्षा कानून के बावजूद खाद्य विभाग की लापरवाही और उदासीन रवैये के चलते ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

**2 किलोमीटर दूर जाना मजबूरी, विभाग मौन:** ग्राम पंचायत मोहंदी की सरपंच अनिता लहरे और पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर खाद्य विभाग और प्रशासनिक प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

प्राप्त आवेदन के अनुसार, ग्राम जामली में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 के तहत कुल 274 राशनकार्डधारी परिवार निवास करते हैं, जिनमें: प्राथमिकता कार्डधारी: 229 परिवार अंत्योदय कार्डधारी: 38 परिवार सामान्य (एपीएल) कार्डधारी: 07 परिवार है।

### खाद्य विभाग की मनमानी से ग्रामीण परेशान




वर्तमान में उचित मूल्य की दुकान ग्राम पंचायत मोहंदी में संचालित है, जो जामली से लगभग 2 किलोमीटर दूर है। बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों को 2 किलोमीटर पैदल चलकर राशन सामग्री ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**बार-बार आवेदन के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं:** सरपंच एवं ग्रामीणों का आरोप है कि जामली में ही पृथक राशन दुकान खोलने या वितरण व्यवस्था शुरू करने के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके बावजूद खाद्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, न ही ग्रामीणों को किसी तरह की कार्रवाई की सूचना दी गई है। ग्राम पंचायत मोहंदी ने कलेक्टर से पुनः गुहार लगाते हुए आश्रित गांव जामली में जल्द से जल्द उचित मूल्य की दुकान संचालित कराने की मांग की है, ताकि गरीब परिवारों को उनके हक का राशन आसानी से मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# वार्ड-2 का होगा चहुंमुखी विकास, रोड व नाली निर्माण के अलावा पेयजल के लिए होगा पाइप लाइन विस्तार

## महापौर ने भूमिपूजन कर कहा कि 60 लाख से अधिक का विकास कार्य होने से वार्ड की बदलेगी तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 10 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री मननीय अरूण साव ने राजनांदगांव शहर में विकास कार्य कराने अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत राशि स्वीकृत किए है, जिसके तहत वार्डो में मूलभूत सुविधा रोड नाली के अलावा वार्डवासियो की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन, मंच, उद्यान आदि निर्माण कराया जा रहा है। इसी कडी में आज वार्ड 2 में 60 लाख से अधिक रूपये से रोड, नाली के अलावा पाईप लाईन विस्तार के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त उदगार महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड नं. 2 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में दिए।

महापौर यादव ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री की सोच प्रदेश में हर वर्ग का विकास हो तथा सभी को शासन की योजना का लाभ मिले। उसी प्रकार हमारे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डे भी राजनांदगांव के विकास में तत्पर रहते है और राजनांदगांव में बडे से बडे तथा छोटे से छोटे कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि इन्ही लोगो के सहयोग से हम शहर की एक अलग पहचान दिलायेगे। उन्होंने कहा कि इतनी बडी राशि से वार्ड में चहुमुखी विकास होगा और शंकर नगर दिवानटोला में पाईप लाईन बिछने से पेयजल संकट दूर होगा।



आज वार्ड नं. 2 में अधोसंरचना मद अंतर्गत लगभग 40 लाख रूपये की लागत से भाठा नवागांव तथा शंकर नगर में रोड एवं नाली निर्माण, पार्षद निधि 6 लाख रूपये से फुलवारी चैक में सीमेटीकरण, डीएमएफयोजनांतर्गत 2.50 लाख रूपये से पीपलेश्वर महादेव मंदिर के पास रोड निर्माण के अलावा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत दिवानटोला शंकर नगर में पाईप लाईन विस्तार तथा धर्मस्थली योजनांतर्गत 5 लाख रूपये की लागत से शिव मंदिर जीर्णोद्धार के लिए सभी मोहल्ले में जाकर महापौर यादव ने वार्ड पार्षद व लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा सहित पुर्नवास एवं नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य डिलेश्वर साहू, पार्षद मनोहर यादव, नामांकित पार्षद भीष्म देवांगन, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन अवसर पर पार्षद सावन वर्मा ने कहा कि शासन द्वारा वार्डो के लिए स्वीकृत राशि से महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में शहर में विकास कार्य कराया जा रहा है। आज हमारे वार्ड में इतनी बड़ी राशि से कार्य कराने भूमिपूजन किया जा रहा है, जिसके लिए मैं महापौर जी को तहेदिल से धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने कहा कि सभी कार्य हो जाने से वार्ड की एक अलग छवि दिखेगी।

भूमिपूजन के पूर्व महापौर का राहुल चैबे, पिन्टू मानिकपूरी, प्रदीप दास, कपिल नेताम, कपूरचंद, रोहित यादव, कमलेश कामडे, टिकम वर्मा, लालगिरी गोस्वामी, सरीता यादव, प्रेमा सोनकर, रमेश विश्वकर्मा, खेमलाल साहू, लेखचंद साहू, हरिश वर्मा, ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता पिंकी खाती सहित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### अनिल कपूर का नया अंदाज़, इंडिया के टॉप 1% का कव्वाली एंथम रिलीज

**रायपुर, 1 सितम्बर।** स्टार प्लस ने रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%-द अनिल कपूर शो' का नया कव्वाली एंथम रिलीज कर दिया है। बनिजय एशिया द्वारा निर्मित इस म्यूजिक वीडियो में अनिल कपूर का जोशीला और एनर्जेटिक अंदाज़ देखने को मिल रहा है।पहली बार कव्वाली परफॉर्म करने के अनुभव को लेकर अनिल कपूर ने कहा कि यह उनके लिए नया और रोमांचक अनुभव था। उन्होंने बताया कि कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने उनकी परफॉर्मेंस को शो की पहचान के अनुरूप बखूबी तैयार किया। 'बात खटकी तो जीत पक्की' की थीम पर आधारित यह एंथम शो की ऊर्जा और मनोरंजन को दर्शाता है। 'इंडिया के टॉप 1%' का प्रसारण 19 सितंबर से रात 8 बजे स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर होगा।

### महतारी वंदन का संबल, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही विमला यादव

**रायपुर, 10 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में संचालित महतारी वंदन योजना परिवारों के लिए निरंतर आर्थिक संबल का माध्यम बन रही है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है, जिससे वे अपनी और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ आर्थिक निर्णयों में भी अधिक आत्मनिर्भर बन रही हैं। अम्बिकापुर के बोरीपारा, शिकारी रोड निवासी विमला यादव भी महतारी वंदन योजना की नियमित हितग्राही हैं। हर महीने उनके बैंक खाते में मिलने वाली 1,000 रुपये की राशि ने उन्हें अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए आर्थिक सहारा दिया है। विमला बताती हैं कि योजना की राशि से कभी बच्चों की स्कूल और कोचिंग फीस जमा करती हैं, तो कभी घर के लिए राशन खरीदती हैं। आवश्यकता पड़ने पर इसी राशि का उपयोग स्वास्थ्य संबंधी खर्चों में भी किया जाता है।

## समाचार संक्षेप

### राधे श्याम मंदिर में अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 10 सितम्बर।** सिमगा में महाकोशल सप्ताह 1 सितम्बर से प्रारम्भ है। राधा कृष्ण आस्था सेवा समिति द्वारा सिमगा के राधेश्याम मंदिर में 117 वर्षों से अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इस आयोजन में श्रद्धालु बाजे गाजे के साथ नित्य करते हुए नजर आते हैं सीताराम सीताराम सीताराम का वर्णन होते रहता है इस भजन कीर्तन में हर आयु के लोग भाग लेते हैं बच्चे नौजवान व बुजुर्ग सभी महिलाओं ने इस 7 दिन के भजन कीर्तन वह अखंड राम सप्ताह के दौरान 7 दिनों का पूरे का पूरा भंडारा समिति की ओर से होता है आज अखंड राम नाम सप्ताह के आखिरी दिन महिला व पुरुष वर्ग के लोगों ने जमकर भाग लिया।

महिलाओं ने भाग लिया प्रमिला गुप्ता शारदा भोसले रजनी दुबे सुनीता यादव व सुनील माहेश्वरी रिंकू भाटिया भी उपस्थित रहे।

### जेसीआई वीक का शुभारंभ




**रायपुर, 10 सितम्बर।** जेसीआई रायपुर नोबल द्वारा जेसीआई वीक 2026 का शुभारंभ ओजस – Sustainable Sipping Day के साथ किया गया। जेसीआई वीक के डे-1 के अवसर पर स्टील बॉटल डिस्ट्रीब्यूशन एंड अवेयरनेस कैंपेन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्टील की बोतलें वितरित की गई तथा सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पुनः उपयोग योग्य बोतलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पास्ट प्रेसिडेंट जेसी प्रमीत शर्मा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जेसी नंदिनी सोनी एवं जेसी उमेश देवांगन, प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी दीपक केशरी एवं जेसी नवीन चतुर्वेदी सहित जेसीआई रायपुर नोबल के सदस्यों की उपस्थिति रही।

जेसीआई रायपुर नोबल की अध्यक्ष जेसी सुलभा पांडेय ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयासों और जागरूकता के माध्यम से हम सिंगल-यूज़ प्लास्टिक को कम कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। ओजस – Sustainable Sipping Day इसी दिशा में एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को हर सिप हो सस्टेनेबल हर कदम हो क्लीन इंडिया की ओर का संदेश दिया गया।

### पोला पर्व पर गंज लाइन में होगी भव्य बैल दौड़ प्रतियोगिता

# 90 वर्षों से चली आ रही परंपरा

## बैल जोड़ी और सिंगल बैल दौड़ स्पर्धा में मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गंजलाईन, 12 सितम्बर।** पोला पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाल समाज द्वारा भव्य बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बाल समाज समिति के अध्यक्ष नीरज पोरवाल ने बताया कि बाल समाज, सिद्ध पीठ बालाजी मंदिर एवं गंजलाईन व्यापारी संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में पिछले 90 वर्षों से पोला पर्व पर बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

इस अवसर पर बैलों की विधिवत पूजा-अर्चना करने के साथ उनके मालिकों का सम्मान भी किया जाता है। बैल दौड़ से पूर्व मेले का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के झूले, खिलौने एवं सजावटी सामग्रियों की दुकानें लगेंगी। मेले और प्रतियोगिता का आनंद लेने आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है।

इस वर्ष बैल दौड़ प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की जाएगी। इसमें बैल जोड़ी दौड़ एवं सिंगल बैल दौड़ बैल, बैल सजावट शामिल हैं। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कारों में नगद राशि के साथ रापा, घमेला, शंकल, खुदाड़ी, बाल्टी, टप सहित कृषि उपयोगी सामग्री शामिल है। प्रतियोगिता गुरुवार, 10 तारीख को शाम 6 बजे लाखोली नाका चौक से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, गंजलाईन में समाप्त होगी। आयोजन के सफल संचालन के लिए कैलाश राठी को प्रतियोगिता प्रभारी बनाया गया है। वहीं मनीष खंडेलवाल, विकास अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल, राजू खंडेलवाल, सूर्यकांत जैन, गोपाल शर्मा, मोहन मेश्राम, गोपाल खंडेलवाल, पराग हुंका एवं लल्ली जैन को प्रतियोगिता के सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बाल समाज के संयोजक दामू भूतड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी बैल मालिकों के लिए दौड़ शुरू होने से पूर्व प्रतियोगिता प्रभारी कैलाश राठी से टोकन लेना अनिवार्य होगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रुपेश गुप्ता द्वारा दी गई हैं।

# प्लास्टर आफ पेरिस से निर्मित प्रतिमा के निर्माण और विक्रय पर कार्रवाई करने आयुक्त ने किया दल का गठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 सितम्बर।** आगामी गणेश पर्व के लिए नगर निगम सीमाक्षेत्र मे बनने वाले गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल एवं विक्रय स्थल मे जाकर प्लास्टर आफपेरिस से बने मूर्तियो की जॉच कर कार्यवाही करने निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने अधिकारियो का दल गठित किया है। गठित दल के प्रभारी प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, सदस्य राजस्व अधिकारी मोबिन अली व प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा तथा सदस्य सचिव प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को बनाया है।

आयुक्त मरकाम ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशानुसार प्लास्टर आफ पेरिस से निर्मित मूर्तिया प्रतिबंधित होने पर आगामी गणेश पर्व के लिए निर्मित प्रतिमाओ के निरीक्षण के लिए दल का गठन किया गया है। गठित दल मूर्ति निर्माण एवं विक्रय स्थल का नियमित जॉच कर प्रतिबंधित समाग्री से बने मूर्ति के विक्रय एवं विनिर्माण पर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्लास्टर आफ पेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी के अलावा वतावरण प्रदुषित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुये मिट्टी से ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। आयुक्त ने स्वयं गत माह गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मूर्तिकारो से जानकारी लेकर निर्देशित किये थे कि बडी-छोटी किसी भी प्रकार की प्रतिमा में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग न करें, उपयोग करते पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।



आयुक्त द्वारा गठित टीम गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मूर्तिकारों से जानकारी लेकर उन्हे समझाईस दिए। उन्होंने कहा कि पीओपी की प्रतिमा निर्माण एवं विक्रय दोनो प्रतिबंधित है, निर्माण या विक्रय करते पाये जाने पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। टीम के द्वारा प्रतिमा निर्माण स्थल तथा विक्रय स्थल का निरंतर निरीक्षण कर प्रतिवेदन दिया जावेगा।

### अदाणी फाउंडेशन ने शुरू किया मेगा हेल्थ कैंप अभियान

# ग्रामीणों को मिलेगा विशेषज्ञ से परामर्श, पहले शिविर में 450 से अधिक लोगों ने कराया इलाज

■ 11 मेगा मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविरों के जरिए 16 गाँवों के 30 हजार से अधिक लोगों तक पहुंचेगी स्वास्थ्य सुविधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 10 सितम्बर।** ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत को देखते हुए, अदाणी फाउंडेशन द्वारा मेगा हेल्थ कैंप अभियान की शुरुआत की है। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर की सामाजिक स्वास्थ्य सरोकार पहल के तहत ग्राम रायखेड़ा में शनिवार को मेगा मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन ही 450 से अधिक ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके ही आसपास के ग्रामों में विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श और इलाज की सुविधा सहज रूप से पहुँचाना है।

शिविर का उद्घाटन अदाणी पावर के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रामायनम पेड्डाना, सरपंच दिनेश वर्मा, उपसरपंच भोजराज धीवर सहित ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक देवव्रत नायक, ठाकुर राम वर्मा, मारुति नंदन वर्मा, बाबूलाल साहू एवं संतोष कुर्रे ने किया। इसके अलावा ग्राम पंचायत रायखेड़ा के पंचगण अदाणी पावर के ही मानव संसाधन प्रमुख नागेश्वर राव तेनेटी, देबाशीष दास, तथा ग्रामीणोंजन भी उपस्थित थे।



शिविर में ऑर्थोपेडिक, पीडियाट्रिक, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल फिजिशियन और एमडी मेडिसिन सहित अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ग्रामीणों की स्वास्थ जाँच कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया। मरीजों के लिए स्वास्थ्य जाँच, डॉक्टरों से परामर्श और आवश्यक दवाइयाँ पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

शिविर में महिलाओं, बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भी उत्कृष्ट भागीदारी रही। डॉक्टरों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जाँच कर उन्हें जरूरी उपचार और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी। ग्रामीणों ने इस पहल को अपने क्षेत्र के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण समुदाय तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से कुल 11 मेगा मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएँगे। इन शिविरों के माध्यम से अदाणी पॉवर प्लांट के आसपास स्थित 16 गाँवों के 30 हजार से अधिक नागरिकों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है। अदाणी फाउंडेशन की यह पहल ग्रामीणों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समय पर जाँच व उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम कर रही है। क्षेत्र के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# परमात्मा की वाणी में जीवन का संपूर्ण सार है : श्रेयांशप्रभ

## जैन बगीचे में चातुर्मासिक प्रवचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 10 सितम्बर।** परमात्मा की वाणी में जीवन का संपूर्ण सार है। कल्पसूत्र मूल वाणी है। सर्वाधिक टीका यदि किसी में की गई है तो वह कल्पसूत्र है। किसी को सुनकर उनकी पूरी बातें तो नहीं कम से कम कुछ अंश तो ग्रहण करना ही चाहिए। पूर्व समय में साधु - साध्वियों को सुनकर ही ग्रहण करना पड़ता था, आज तो हम लिखकर भी याद कर सकते हैं फिर हम क्यों नहीं इस जीवन के सार को ग्रहण करते हैं! उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज जैन बगीचा स्थित नये हाल में संवत्सरी पर्व के तीसरे दिन अपने नियमित प्रवचन में व्यक्त किए।

मुनि श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि बुरी बातों को सुनकर हम उसे और विस्तारित कर देते हैं और इसे जल्दी ग्रहण करते हैं किंतु अच्छी बातों को हम और छोटा कर देते हैं और इसे ग्रहण करने में हमें काफी मेहनत करनी पड़ती है। हमारे बहुत सारे ग्रंथों को जला दिया गया। यदि हमने इनका सम्मान किया होता तो आज हमारी सांस्कृतिक विरासत काफी मजबूत होती। जो है उसे ही हम संभालने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि परमात्मा की वाणी हमारे जीवन को तार देती है। इस वाणी में वह शक्ति है जो अतीत, वर्तमान एवं भविष्य में होने वाले पापों से हमें सुरक्षित रखती है।

मुनि श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि हम अलग-अलग भगवानों को देखकर मन बदलते रहते हैं। तीर्थंकर कभी नाम से नहीं पूजे जाते बल्कि गुणों से पूजे जाते हैं। हमें तारने वाला नाम नहीं बल्कि नाम के पीछे जो श्रद्धा है, वह है। भगवान महावीर स्वामी कहते हैं कि जो भी बोलना है या करना है उसे सोच समझकर बोलो या करो। भगवान आदिनाथ का कहना है कि पाप तो पाप है चाहे वह जानकर करो या अनजाने में। मुनि ने कहा कि हमें पाप से बचना चाहिए और परमात्मा की वाणी को ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाना चाहिए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

### 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जीपीएम में चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'

**रायपुर, 10 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षो की जनसेवा एवं समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करने तथा विकसित भारत-2047 के सामूहिक संकल्प को जनभागीदारी का स्वरूप देने के उद्देश्य से जीपीएम जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। एक माह तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र नागरिकों तक पहुंचाने, उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने और विकास की प्रक्रिया में प्रत्येक परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर रहेगा। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को विभागों के बीच बेहतर समन्वय, स्पष्ट एवं समयबद्ध कार्ययोजना तथा प्रभावी मैदानी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे को 'सेवा संकल्प अभियान' का जिला नोडल अधिकारी बनाया गया है। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगा। इस दिन शाम को जिले के प्रत्येक परिवार को दीप प्रज्वलित कर अभियान से जोड़ा जाएगा।

# हादसे के पहले व्यवस्था क्यों नहीं सुधारी जाती है

लोकतंत्र में पंचायत से लेकर विधानसभा,लोकसभा तक व्यवस्था इसलिए की जाती है कि निचले स्तर तक आदमी को कोई दिक्कत न हो। गांव,कस्बों,शहर की समस्या का स्थानीय स्तर पर जल्द से जल्द समाधान हो। पंचायत,नगर पालिका,नगर निगम को अधिकार दिए गए हैं,उनकी जिम्मेदारी तय की गई है,उनसे उम्मीद की गई है कि वह आम लोगों को सुरक्षित व बेहतर जीवन देंगे। विडंबना है कि आज यही संस्थाएं आम लोगों की उम्मीदों,अपेक्षा पर खरी नहीं उतर रहीं हैं, अपनी अधिकार उपयोग ठीक से नहीं कर रही है, अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निबाह रही हैं और इसका खामियाजा आए दिन आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।यानी कि आज वो संस्थाएं जिन पर आम लोगों की जीवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वही संस्थाएं ठीक से सुरक्षा नहीं कर पा रही है। देश की राजधानी में एक बहुमंजिली इमारत का गिरना और कई लोगों का मारा जाना इस बात का एक ताजा उदाहरण है कि हमारी स्थानीय संस्थाओं की लापरवाही के कारण आए दिन हादसे होते हैं और हादसे के बाद सुरक्षा के उपाय किए जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जो काम पहले किया जाना चाहिए हादसा न होने देने के लिए किया जाना चाहिए, वह काम हादसे के बाद क्यों किया जाता है।मेनहोल खुला है, हादसे के पहले उसे बंद किया जाना चाहिए नही किया जाएगा, हादसा होने के बाद उसे बंद किया जाएगा, सड़क में गड्ढे हो गए हैं, कोई हादसा होता है और कोई मर जाता है उसके बात स्थानीय संस्थाओं को याद आता है कि गडढों को पाटना उनकी जिम्मेदारी है।नालियों की सफाई न होने के कारण शहर में पानी भर जाता है तो पानी उतरने के बाद नाली की सफाई की जाती है।गली की इमारत में आग लग जाने के बाद पता चलता है कि वहां तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं जा सकती।इमारत के गिरने के बाद पता चलता है कि वह अवैध रूप से बनाई गई थी और अवैध रूप बेसमेंट में खुदाई की जा रही थी यानी उसकी अनुमति नहीं ली गई थी और उसी के कारण पांच मंजिली इमारत गिर गई और उसमे रहने वाले कुछ छात्रों की मौत हो गई। दिल्ली में इमारत गिरने के बाद सात लोगों की मौत हो गई है,कई लोग घायल हुए हैं।इसके बाद हर तरह की जांच की कार्रवाई शुरू हो गई है, सारी संस्थाएं जाग गई हैं,पुलिस ने हास्टल मालिक को गिरफ्तार किया है,हाई कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली नगर निगम,दिल्ली विवि व दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है।दिल्ली सरकार ने कहा है कि दिल्ली की सभी पीजी मामलों की जांच की जाएगी और सुरक्षा की जानकारी ली जाएगी। नगर मे बनी इमारतों की पूरी जानकारी नगर निगम के पास होनी चाहिए। उसे समय समय पर जांच करनी चाहिए कि पुराने भवन आम लोगों के जीवन के लिए खतरा तो नहीं है।उसने यह काम नहीं किया। इसके लिए कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। किसी भी हादसे के बाद कुछ लोगों को जिम्मेदार मानकर कार्रवाई कर दिए जाने से तो अगला जो हादसा होना है, वह तो रुकने वाला नहीं है। कोई भी हादसा तो तब ही रुक सकता है जब हादसा होने से पहले सुरक्षा के उपाय पूरी गंभीरता से किए जाएं। किसी भी तरह के हादसे रोकना एक सामूहिक जिम्मेदारी भी है।यह तो हर किसी की जिम्मेदारी है कि उसे कहीं भी किसी तरह के हादसे होने का अंदेशा हो तो वह उसे रोकने के लिए अकेले या सामूहिक रूप से उसके लिए प्रयास करे।सरकारी संस्थाओं से मिलकर बताए कि ऐसा न होने पर क्या हो सकता है। दिल्ली मे अच्छी युनिवर्सिटी है तो उसमें बाहर से युवा पढ़ने आते है तो यह विवि की जिम्मेदारी है कि बाहर से आने वाले बच्चों के लिए अच्छे हास्टल बनाए ताकि उनको बुरी स्थिति में रहकर पढ़ाई न करना पड़े। माता पिता की जिम्मेदारी है कि वह बच्चे के कहीं रहने की व्यवस्था कर रहे हैं तो वह हर तरह के जोखिम को जानने का प्रयास करें ताकि उनके बच्चे के साथ कोई हादसा न हो। राज्य सरकारों को अपने राज्य में अच्छी शिक्षा व्यवस्था करनी चाहिए ताकि राज्य के बच्चों को बाहर पढ़ने के लिए न जाना पड़े। सबसे बुरी बात यह है कि हादसे होने के बाद भी उसे दूसरे राज्यों के निगम व पालिका गंभीरता से नहीं लेते हैं और यह मानकर चलते हैं दिल्ली में इमारत गिरी है हमारे क्षेत्र में नहीं गिर सकती।रायपुर नगर निगम क्षेत्र मे कई ऐसी इमारते हैं जो कभी भी गिर सकती है लेकिन उन्हें गिराया नहीं जा रहा है। कारण बताया जा रहा है कि संपत्ति विवाद के कारण उनको गिराया नहीं जा रहा है। निगम नोटिस जारी कर मान लेता है कि उसका काम खत्म हो गया है और पूछने पर यह भी कहता है कि हादसा होता है तो उसके लिए मकान मालिक जिम्मेदार होगा,उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।निगम विवाद का हवाला देकर अपनी जिम्मदारी से बच रहा है। बुरी बात यह है कि खतरनाक भवन मालिकों से भवन को न ढहाए जाने पर जुर्माना भी नहीं किया जाता है।बड़ा जुर्माना ही किया जाता तो कम से कम जुर्मने के डर से तो वह भवन को गिराते।भवन है और उसके कारण कई लोगों की जान जा सकती है लेकिन सब हादसे का इंतजार कर रहे हैं।हादसे के बाद वह सब काम होगा जो अभी नहीं हो रहा है।

## सू- दोकू क्र.156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.155 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -156

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 155 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्षम | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

राजनीति

# योगी-अखिलेश की सियासत में जमीन से सोशल मीडिया तक संग्राम

अजय कुमार



उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच की चुनावी तनातनी अब केवल राजनैतिक रैलियों या सदन के पटल तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह संघर्ष एक बेहद आक्रामक और वर्चुअल जंग का रूप ले चुका है। जैसे-जैसे आगामी विधानसभा चुनावों का समय नजदीक आ रहा है, दोनों दलों के बीच राजनीतिक और वैचारिक द्वंद के तौर-तरीके भी पूरी तरह बदल चुके हैं। अब मंच के भाषणों से ज्यादा एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड होने वाले तीखे वीडियो, मीम्स, एआई जनरेटेड कंटेंट और ताबड़तोड़ बयानों ने मुख्य राजनीतिक युद्धभूमि का स्थान ले लिया है। इस वर्चुअल रणक्षेत्र में दोनों नेता एक-दूसरे की नीतियों, व्यक्तिगत छवि और राजनीतिक अतीत को कटघरे में खड़ा करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और सोशल मीडिया ट्रेंड्स का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है।

ताजा मामला आज का है, जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सहारनपुर दौरे के दौरान उनके हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति न मिलने पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप का दौर गरमा गया। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को सत्ताधारी दल की गहरी राजनीतिक बौखलाहट और तानाशाही रवैये का प्रतीक करार दिया है। पार्टी नेताओं का आरोप है कि बढ़ते जनाधार से घबराई भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझकर विपक्षी दलों के कार्यक्रमों में प्रशासनिक अड़ंगे लगा रही है, ताकि लोकतंत्र की आवाज को दबाया जा सके। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी और प्रशासनिक अधिकारियों ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की अनुमति सुरक्षा और ऐनवक्त पर तय किए गए सुरक्षा मानकों के अनुपालन न होने के कारण नहीं दी गई थी। सत्तारूढ़ दल का कहना है कि विपक्ष हर प्रशासनिक प्रक्रिया को राजनीतिक रंग देकर सनसनी फैलाने की कोशिश करता है और कानून के नियमों से ऊपर उठकर काम करना चाहता है। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर से राज्य में सत्ता पक्ष और मुख्य विपक्षी दल के बीच की राजनीतिक रस्साकशी को और अधिक तीखा बना दिया है, जहां हर छोटी घटना पर दोनों दल एक-दूसरे को कटघरे में खड़ा करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। प्रदेश की राजनीति में इस हाई-टेक टकराव का सबसे बड़ा और प्रमुख आधार धार्मिक और सांस्कृतिक मुद्दे बने हुए हैं, जिनमें विशेष रूप से अयोध्या और राम मंदिर से जुड़े विषय शामिल हैं।



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से मंदिर निर्माण में दान और चढ़ावे में हेराफेरी जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों को उठाकर सीधे तौर पर सरकार की पारदर्शिता को कटघरे में खड़ा किया है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा खेमे ने भी सोशल मीडिया पर आक्रामक रुख अपनाते हुए विपक्ष पर सनातन आस्था को ठेस पहुंचाने और धार्मिक स्थलों की गरिमा को धूमिल करने के षड्यंत्र रचने का करारा आरोप लगाया है। इस वैचारिक और डिजिटल रस्साकशी के दौरान कई बार मामला तब और अधिक बिगड़ जाता है, जब दोनों तरफ से एआई-जनरेटेड वीडियो या डिजिटल कैरिकेचर का इस्तेमाल करके एक-दूसरे के शीर्ष नेतृत्व को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाता है। इस तरह के विजुअल और ऑडियो टूल्स के जरिए जब तीखे व्यंग्य और आरोप प्रसारित किए जाते हैं, तो इंटरनेट पर दोनों दलों के समर्थकों के बीच एक वर्चुअल युद्ध छिड़ जाता है, जो कई बार राजनीतिक मर्यादाओं की सीमा को भी लांघने लगता है। डिजिटल जंग का दूसरा सबसे बड़ा और धारदार आधार कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और व्यक्तिगत आक्षेप हैं, जिन्हें दोनों नेता अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए मुख्य हथियार बना रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी हर सभा और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सपा के पुराने शासनकाल को गुंडाराज, माफिया राज और तुष्टीकरण की पराकाष्ठा के रूप में चित्रित करते हैं, वहीं वे समाजवादी पार्टी को परिवार का सिंडिकेट करार देते हुए यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि इस पार्टी की पूरी धुरी केवल एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसके विपरीत, अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को आगे बढ़ाते हुए मौजूदा सरकार पर तानाशाही, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ और भेदभावपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाई के गंभीर आरोप मढ़ते हैं। अखिलेश यादव अक्सर मुख्यमंत्री के दौरों, उनके भाषणों के तेवर और प्रशासनिक कदमों पर सवाल उठाते हुए तीखे व्यंग्य भरे पोस्ट करते हैं, जिनका सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता और खुद मुख्यमंत्री आंकड़ों और तीखे बयानों के साथ पलटवार करते हैं।

यह डिजिटल और सियासी द्वंद्व इस बात का स्पष्ट संकेत है कि आने वाले चुनावों में जीत-हार का फैसला केवल रैलियों से नहीं, बल्कि जनमानस की सोच को सोशल मीडिया के जरिए प्रभावित करने की क्षमता से भी तय होगा। जब भी सत्ता पक्ष की ओर से कोई विकास परियोजना का उद्घाटन किया जाता है या कोई बड़ा नीतिगत निर्णय लिया जाता है, तो विपक्ष फौरन डिजिटल प्लेटफार्म्स पर उसके दूसरे पहलुओं को उजागर कर देता है, और इसके उलट विपक्ष के हर हमले का जवाब देने के लिए सत्ताधारी दल का आईटी सेल और वरिष्ठ नेता पूरी मुस्तैदी से मैदान में डटे रहते हैं। इस वर्चुअल संघर्ष ने न केवल राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को बेहद व्यक्तिगत और आक्रामक बना दिया है, बल्कि आम जनता और खासतौर पर युवा वर्ग के स्मार्टफोन की स्क्रीन पर हर पल राजनीतिक सरगर्मी को जिंदा रखा है। दोनों ही नेता जनता के बीच यह संदेश देने की होड़ में हैं कि कौन उत्तर प्रदेश के असल मुद्दों का सच्चा हितैषी है और कौन केवल डिजिटल प्रोपेगैंडा में व्यस्त है, जिसके चलते यह चुनावी जंग अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां हर एक ट्वीट, हर एक वीडियो और हर एक बयान का राजनीतिक नफा-नुकसान बहुत दूर तक असर डालता है।

# भगवान और बंदूक—दोनों से सुरक्षित घर

सुनील पांडे

एक से एक दिलचस्प पंक्तियाँ हमें अपने आसपास दीवारों पर पढ़ने को मिलती हैं। यह बात और है कि मोबाइल की तरह हमारी मेमोरी भी फुल हो जाती है और हम भूल जाते हैं। कहीं पर लिखा रहता है "यहाँ पेशाब करना मना है।" कोई मसखरा उसके आगे जोड़ देगा "जोर से लगी हो तो कर सकते हैं।" ट्रकों के पीछे लिखी शेर-शायरी तो मानों यही कहती है, दुनिया में आए थे इसी दिन के लिए। लेकिन इस बार एक बड़े घर के बाहर एक ऐसी विशेष चेतावनी लिखी थी जिसे पढ़कर आप डर जाएंगे—*प्रवेश निषेध* ... *यह घर भगवान एवं बंदूक दोनों से सुरक्षित है। अनधिकृत प्रवेश करने वाले को इन दोनों का सामना करना पड़ेगा।"* ऊपर दो पिस्टल के चित्र भी बने थे।



चेतावनी को पढ़कर लगा, घर के मालिक ने सुरक्षा का ऐसा चाक-चौबंद सिंगल विंडो सिस्टम बना रखा है, जिसमें पहले भगवान से उम्मीद, कि अनधिकृत प्रवेश करने वाला सुधर जाए और अगर वह नहीं सुधरा तो बंदूक तैयार है। हालांकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में तो कार्रवाई भी क्रमशः होनी चाहिए। पहले समझाइश, फिर मौखिक चेतावनी जिसमें गाली भी हो सकती है, जरूरत पड़े तो आँसू गैस, उसके बाद लाठीचार्ज और सबसे अंत में गोली। यहाँ तो लगता है विभागों को आपस में मिला दिया गया है। भगवान और पिस्टल सीधे फास्ट-ट्रैक व्यवस्था पर हैं। सोचिए, अगर किसी बच्चे की गेंद गलती से इस दीवार के पार चली जाए तो बच्चा अपनी गेंद वापस माँगने के बजाय नई गेंद खरीदना ज्यादा सुरक्षित समझेगा। डाकिया भी घंटी बजाने से पहले दो बार सोचेगा—चिट्ठी तो पहुँचा दूँ, लेकिन लौट कर घर भी जाना है, कहीं सामने वाले को कोई गलतफहमी हो गई तो? इस लिहाज से यह चेतावनी का बोर्ड, परम ज्ञान की पाठशाला है कि पराया धन.. पराई संपत्ति पर नजर मत डालो, गेंद भी नहीं।

आधुनिक दौर में लोग घर के बाहर "कुत्तों से सावधान" का बोर्ड लगाते हैं। कुत्ता बेचारा ज्यादा से ज्यादा भौंकता है और बहुत हुआ तो पैंट फाड़ देता है। मगर इस घर के मालिक ने सीधे यमराज के साथ अपॉइंटमेंट तय कर दिया है। बहुत से लोग निजी बाउंसर, महंगे अलार्म सिस्टम, CCTV और सिक्योरिटी गार्ड पर पैसा खर्च करते हैं। मगर इस मालिक का अर्थशास्त्र दाद देने लायक है। एक तरफ जगत के पालनहार को बिना वेतन सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात कर दिया और दूसरी तरफ दो पिस्टल के चित्र से ही पूरे इलाके में मानसिक कर्फ्यू लगा दिया। न गार्ड की तनख्वाह, न बिजली का बिल, न कैमरे की मेंटेनेंस! विज्ञापन की भाषा में इसे ही कहते हैं—"मिनिमम इन्वेस्टमेंट, मैक्सिमम इम्पैक्ट।" चेतावनी देखकर ही चोर अपने पेशे पर पुनर्विचार करने लगे और अगर न करे तो कम से कम दूसरा घर चुनने की समझदारी जरूर दिखाए।अगर फिर भी अंदर आ जाए तो समझो उसकी किस्मत में मोक्ष और मुठभेड़ लिखा है।

वैसे हमारे देश में सुरक्षा का यह मॉडल काफी उपयोगी हो सकता है। मंदिरों में भगवान हैं, घरों में भगवान हैं, नेताओं के साथ सुरक्षा गार्ड हैं और जनता के पास केवल उम्मीद है। अगर हर घर के बाहर ऐसा चेतावनी बोर्ड लग जाए तो शायद पुलिस का काम भी थोड़ा हल्का हो जाए।

मगर इस मजाक के पीछे एक गंभीर बात भी छिपी है। पहले सुरक्षा का भरोसा पड़ोसी, मोहल्ले और समाज पर होता था, अब ताला, CCTV और हथियार पर होने लगा है। यह चेतावनी केवल एक घर की सुरक्षा की घोषणा नहीं, बल्कि उस बदलती मानसिकता का आईना भी है, जिसमें आदमी अपने आसपास की दुनिया से इतना आशंकित हो गया है कि उसे परमात्मा के साथ पिस्टल को भी सुरक्षा साझेदार बनाना पड़ रहा है। आस्था कहती है—भगवान बचाएंगे, डर कहता है—बंदूक भी रख लो। अब अनधिकृत प्रवेश करने वाला पहले बोर्ड पढ़ेगा, फिर दो पिस्टल देखेगा और अंत में ऊपर वाले को याद करेगा। हमारी तो बस यही प्रार्थना है कि घर के मालिक का मूड हमेशा अच्छा रहे।

आचार्य विनोबा भावे जयन्ती- 11 सितम्बर

# विनोबा भावे के भूदान एवं सर्वोदय में सबका विकास संभव

ललित गर्ग

जब कोई राष्ट्र आर्थिक समृद्धि, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा की ओर बढ़ता है, तब उसके सामने एक बड़ा प्रश्न खड़ा होता है-क्या विकास केवल भौतिक उपलब्धियों का नाम है अथवा मनुष्य के भीतर नैतिकता, करुणा, सह-अस्तित्व और जिम्मेदारी का विकास भी उसका अनिवार्य हिस्सा है? आज भारत 'नया भारत', 'विकसित भारत' और 'समृद्ध भारत' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में आचार्य विनोबा भावे का जीवन और चिंतन हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव मनुष्य का चरित्र है। 11 सितंबर को विनोबा भावे की जयंती है। उनका मूल नाम विनायक नरहरि भावे था। वे महात्मा गांधी के निकट सहयोगी, स्वतंत्रता सेनानी, चिंतक, अध्यात्मद्रष्टा और सर्वोदय आंदोलन के प्रणेता थे। लेकिन उन्हें केवल गांधीजी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी के रूप में देखना उनके विराट व्यक्तित्व को सीमित करना होगा। विनोबा की अपनी स्वतंत्र वैचारिक भूमि थी। वे संत ज्ञानेश्वर और संत तुकाराम से प्रेरित थे, भगवद्गीता उनके जीवन का आध्यात्मिक आधार थी और समाज-परिवर्तन उनके चिंतन का व्यावहारिक पक्ष। विनोबा का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने आध्यात्मिकता को समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़ा। भूदान आंदोलन इसका अद्भुत उदाहरण है। वे गाँव-गाँव पैदल गए और भूमिधरों से अपनी भूमि का एक हिस्सा भूमिहीनों के लिए दान करने का आग्रह किया। यह केवल भूमि का हस्तांतरण नहीं था, बल्कि स्वामित्व की मानसिकता से साझेदारी की चेतना की ओर बढ़ने का प्रयास था। आगे चलकर भूदान से ग्रामदान की अवधारणा विकसित हुई-'सारी भूमि गोपाल की।' इसमें आर्थिक न्याय के साथ सामाजिक समरसता और नैतिक उत्तरदायित्व का संदेश छिपा था। विनोबा का विश्वास था कि समाज को केवल कानूनों से नहीं, अंतरात्मा के जागरण से बदला जा सकता है। यही दृष्टि उन्हें सर्वोदय तक ले गई-ऐसा समाज जिसमें विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे और किसी के उत्थान की कीमत दूसरे के शोषण से न चुकानी पड़े। चंबल के डाकुओं को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करना उनके नैतिक नेतृत्व की शक्ति का प्रमाण था। उनके भीतर ऐसा विश्वास था कि मनुष्य मूलतः परिवर्तनशील है, आवश्यकता उसके भीतर की अच्छाई को जगाने की है।



विनोबा भावे और अणुव्रत आंदोलन के प्रणेता आचार्य तुलसी के बीच भी इसी नैतिक चेतना की गहरी साम्यता थी। जब आचार्य तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से व्यक्ति-निर्माण और नैतिक जागरण का अभियान प्रारंभ किया, तब अनेक राष्ट्रीय व्यक्तित्वों ने उनके प्रयासों को सहयोग और समर्थन दिया। विनोबा भावे उनमें प्रमुख थे। दोनों महापुरुष समय-समय पर मिलते रहे और देश के निर्माण में नैतिक मूल्यों की अनिवार्यता पर गंभीर विचार-विमर्श करते रहे। उनकी दृष्टि में राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था तभी स्वस्थ हो सकती है, जब उनका संचालन नैतिक मनुष्य के हाथों में हो। दोनों की पदयात्राओं में भी एक आत्मीय जुड़ाव दिखाई देता है। पदयात्रा उनके लिए केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने का माध्यम नहीं थी, वह जन-संपर्क, जन-जागरण और आत्म-संपर्क की साधना थी। विनोबा कहा करते थे कि पैदल चलने से धरती का स्पर्श होता है और प्रकृति के साथ संबंध गहरा होता है। उनके विचारों की यह अनुभूति मुझे स्वयं भी हुई। अणुव्रत आंदोलन के प्रणेता आचार्य तुलसी के साथ अनेक वर्षों तक पैदल चलने का अवसर मिला। मैंने अनुभव किया कि पैदल यात्रा केवल शरीर को गतिशील नहीं करती, वह मन और मस्तिष्क के बंद द्वार भी खोलती है। रास्ते में मिलने वाला सामान्य व्यक्ति भी शिक्षक बन जाता है और जीवन स्वयं एक खुली पाठशाला बन जाता है।

मेरे परिवार का विनोबा भावे से जुड़ा एक प्रसंग आज भी मेरे लिए अत्यंत भावपूर्ण है। मेरे पिता स्व. श्री रामस्वरूप गर्ग और माता स्व. श्रीमती सत्यभामा गर्ग सर्वोदय कार्य से जुड़े हुए थे। वर्ष 1959 में विनोबा भावे पदयात्रा करते हुए अजमेर आए। उन्हें जानकारी मिली कि उनकी कार्यकर्त्री सत्यभामा गर्ग कैंसर से पीड़ित हैं और जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही हैं। वे उनसे मिलने इमली मोहल्ले की संकरी गलियों से होते हुए तीसरी मंजिल तक गए और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। यह घटना बताती है कि विनोबा का नेतृत्व केवल बड़े मंचों और आंदोलनों तक सीमित नहीं था। वे व्यक्ति के दुख को अपना दुख मानने वाले करुणाशील संत थे। इसी क्रम में अजमेर के निकट हटूंडी में आयोजित सर्वोदय सम्मेलन का प्रसंग भी उल्लेखनीय है। मेरे पिता सर्वोदय के सक्रिय कार्यकर्ता थे। उस सम्मेलन में वे आचार्य तुलसी के शिष्य मुनि राकेश कुमार जी को भी लेकर गए। वहां विनोबा भावे के साथ उनकी लंबी और सार्थक चर्चाएँ हुईं। यह केवल दो विचारधाराओं का संवाद नहीं था, बल्कि उस समय के दो नैतिक प्रवाहों का मिलन था-सर्वोदय की सामाजिक चेतना और अणुव्रत की व्यक्तिगत नैतिक साधना। दोनों का लक्ष्य अंततः एक ही था-मनुष्य बदले, समाज बदले और राष्ट्र नैतिक शक्ति के आधार पर आगे बढ़े।विनोबा का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि महान व्यक्तित्वों का मूल्यांकन उनकी उपलब्धियों के साथ उनकी मानवीय सीमाओं और ऐतिहासिक संदर्भों में भी होना चाहिए। आपातकाल के दौरान उनके 'अनुशासन पर्व' संबंधी कथन ने उनके सार्वजनिक जीवन पर प्रश्न भी खड़े किए। किंतु किसी एक राजनीतिक प्रसंग से उनके पूरे जीवन के सामाजिक, आध्यात्मिक और रचनात्मक योगदान को नकारना उचित नहीं होगा। महापुरुषों को मूर्ति बनाकर पूजना जितना आसान है, उनके विचारों को आलोचनात्मक समझ के साथ जीवन में उतारना उतना ही कठिन। विनोबा ने अपने जीवन के अंतिम चरण में जैन धर्म की संलेखना-संथारा की भावना से प्रेरित होकर भोजन और दवा का त्याग किया और 15 नवंबर 1982 को देह का परित्याग किया। उनका जीवन कर्म, चिंतन, त्याग और लोकमंगल की निरंतर यात्रा था।

आज भारत विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह मजबूत कर रहा है। डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, स्टार्टअप, विज्ञान और तकनीक हमें नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। लेकिन विकसित भारत का वास्तविक अर्थ तब पूरा होगा, जब विकास के साथ विवेक भी बढ़े, संपन्नता के साथ संवेदना बढ़े और अधिकारों के साथ कर्तव्यबोध भी मजबूत हो। यही वह स्थान है जहां विनोबा आज भी हमारे समकालीन बन जाते हैं। भूदान आज भूमि से आगे बढ़कर संसाधनों के न्यायपूर्ण उपयोग का संदेश बन सकता है। ग्रामदान आज सामुदायिक भागीदारी और स्थानीय विकास की प्रेरणा बन सकता है। सर्वोदय आज 'सबका विकास' को केवल नारे से आगे ले जाकर सामाजिक समरसता का आधार बन सकता है और अणुव्रत की चेतना आज सार्वजनिक जीवन में चरित्र, संयम और नैतिक अनुशासन की आवश्यकता को रेखांकित कर सकती है। विनोबा जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके जीवन को इतिहास की पुस्तक में बंद न करें, बल्कि नए भारत के चरित्र-निर्माण की परियोजना से जोड़ें। भारत को विकसित बनाने के लिए हमें केवल तेज गति से चलने वाली अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि सही दिशा में चलने वाला मनुष्य चाहिए। विनोबा की पदयात्रा का यही सबसे बड़ा संदेश है-राष्ट्र की यात्रा बाहर से नहीं, भीतर से शुरू होती है।भारत तभी सशक्त होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचे। यह विचार महात्मा गांधी के 'अंत्योदय', विनोबा भावे के 'सर्वोदय' और दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' की पुनर्स्मृति कराता है। आधुनिक भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास के लाभ समाज के सभी तबकों तक समान रूप से नहीं पहुंचते। अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। यदि इस खाई को नहीं भरा गया, तो राष्ट्र की प्रगति अधूरी रह जाएगी। इस तरह विनोबा जाति की संकीर्ण दीवारों को तोडऋना चाहते थे, वे कहा करते थे "जाति का भेद मिटेगा तो समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना पनपेगी।" वास्तव में जातिवाद केवल सामाजिक समस्या नहीं बल्कि मानसिकता का रोग है। जब तक समाज इसे स्वीकार करता रहेगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं। विनोबा चरित्र क्रांति के साथ-साथ विचार-क्रांति के पुरोधा रहे। उनके द्वारा स्थापित सर्वोदय साहित्य भंडार तथा आचार्य तुलसी द्वारा स्थापित आदर्श साहित्य संघ जैसे संस्थानों ने नैतिक और प्रेरणादायक साहित्य को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल ज्ञान का प्रसार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों का संवर्धन भी रहा है। वर्तमान समय में जब तकनीकी साधनों का विस्तार हुआ है, तब भी इन्हीं महापुरुषों के योगदान के कारण पुस्तकों की उपयोगिता और महत्ता में कोई कमी नहीं आई है।

# छत्तीसगढ़ के शहरों को आकार देने की जिम्मेदारी अब युवा टाउन प्लानर्स की :मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 10 सितंबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 21 नवचयनित सहायक संचालकों को सौंपे नियुक्ति पत्रमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 21 नवचयनित सहायक संचालकों को सौंपे नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 21 नवचयनित सहायक संचालकों को सौंपे नियुक्ति पत्रमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 21 नवचयनित सहायक संचालकों को सौंपे नियुक्ति पत्र शहरों का विकास केवल वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की जरूरतों के अनुरूप किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के 21 नवचयनित सहायक संचालकों (योजना) को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी नवचयनित अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य निर्माण के बाद पहली बार नगर तथा ग्राम निवेश विभाग में एक साथ इतनी बड़ी संख्या में सहायक



संचालकों की नियुक्ति हुई है। यह नियुक्ति विभाग की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ प्रदेश में तेजी से हो रहे शहरीकरण को सुनियोजित दिशा देने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।मुख्यमंत्री श्री साय ने नवचयनित अधिकारियों के माता-पिता और परिजनों को भी विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर योग्य बनाना और उन्हें जिम्मेदार पद पर प्रदेश तथा जनता की सेवा करते देखना प्रत्येक माता-पिता के लिए गर्व और प्रसन्नता का अवसर होता है। आज इन युवाओं के जीवन में नई जिम्मेदारी की शुरुआत हो रही है और इसके साथ उनके परिवारों की अपेक्षाएं तथा प्रदेश की आशाएं भी जुड़ी हुई हैं।'मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के गठन को 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस अवधि में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग में कुल 17 सहायक संचालकों की नियुक्ति हुई थी, जबकि आज एक साथ 21 युवा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि राज्य सरकार भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभागों को पर्याप्त मानव संसाधन और प्रोफेशनल क्षमता से सशक्त कर रही है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है। गांवों से शहरों की ओर आबादी का विस्तार होने के साथ नगरों की सीमाएं बढ़ रही हैं और प्रमुख सड़कों तथा शहरों के आसपास नई बसाहटें विकसित हो रही हैं। आने वाले वर्षों में यह गति और तेज होगी। ऐसे में आवासीय क्षेत्रों, व्यावसायिक गतिविधियों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन, जल निकासी और अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए दीर्घकालीन एवं वैज्ञानिक योजना आवश्यक है।मुख्यमंत्री ने नवचयनित अधिकारियों से कहा कि टाउन प्लानिंग केवल नक्शे बनाने या भू-उपयोग तय करने का कार्य नहीं है।



## योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और विकास कार्यों में तेजी के निर्देश

**बीजापुर, 10 सितम्बर।** कलेक्टर विश्वदीप ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने और योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में वीबी-जी राम जी, 'बस्तर मुन्ने', आवासीय शैक्षणिक संस्थान, धान पंजीयन, एग्रीस्टैक, पीएमजीएसवाई, टीबी स्क्रीनिंग और HPV वैक्सीनेशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।वीबी-जी राम जी के तहत जिले में 1000 आजीविका डबरी निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने डबरी निर्माण में ग्रामीणों की आजीविका, सिंचाई और मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता देने को कहा। बस्तर मुन्ने' अभियान के तहत जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र और वनाधिकार पत्र सहित सभी सेवाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।आवासीय संस्थानों में बिजली, पानी, स्वच्छता और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की नियमित निगरानी करने को कहा गया। वहीं किसानों के धान पंजीयन और एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### सवा लाख दीप प्रज्वलन से होगा सेवा संकल्प अभियान का भव्य आगाज

**जगदलपुर, 10 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के राष्ट्र सेवा, सुशासन और समर्पण भाव को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने के उद्देश्य से बस्तर जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह का व्यापक सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस महा-अभियान को पूरी भव्यता और निष्ठा के साथ सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियाँ तेज हो गई हैं। हाल ही में आयोजित समन्वय बैठकों में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने एकजुट होकर इस आयोजन को न केवल भव्य, बल्कि बस्तर के सेवा भाव की एक ऐतिहासिक मिसाल बनाने का संकल्प लिया है। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को अभूतपूर्व आयोजनों के साथ होगा, जहाँ जगदलपुर शहर दीपों के आलोक से जगमगा उठेगा। अन्य संभाग मुख्यालयों के 51 हजार दीपों के लक्ष्य की तुलना में जगदलपुर को पूरे प्रदेश में सर्वाधिक यानी सवा लाख दीप प्रज्वलित करने का बड़ा निर्णय लिया गया है। शाम सात बजे ऐतिहासिक सिरहासार चैक पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही झीरम मेमोरियल, पुनर्वास केंद्र, सुरक्षा बलों के कैंपों, थानों तथा अमर शहीद वीर गुंडाधूर और झाड़ा सिरहा की जन्मस्थली समेत जिले के 25 चयनित गांवों के प्रत्येक घर में रोशनी फैलाई जाएगी। राष्ट्रभक्ति की भावना को केंद्र में रखते हुए सिरहासार क्षेत्र में भारत के मानचित्र और नक्सल मुक्त बस्तर की थीम पर एक विशाल रंगोली बनाई जाएगी। साथ ही 17 सितम्बर को सामाजिक सरोकार और जनकल्याण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए शुभारंभ के दिन ही तोकापाल विकासखंड के परपा में एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत 760 पौधों का रोपण होगा, जबकि महारानी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे।

### बड़गांव क्षेत्र की समस्याएं हल करने कलेक्टर-एसपी ने की जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से चर्चा

**कांकेर, 10 सितंबर।** कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा ने आज बड़गांव क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं को लेकर सर्व आदिवासी समाज एवं परलकोट सुरक्षा समिति के प्रतिनिधिमंडल से सार्थक चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र में बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।बैठक में बड़गांव में जिला सहकारी बैंक की शाखा प्रारंभ करने की मांग पर कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बड़गांव के साथ-साथ कोयलीबेड़ा में भी सहकारी बैंक की शाखा खोलने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को प्रस्ताव भेजने की कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में कलेक्टर ने बड़गांव में एक डॉक्टर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही सामान्य प्रसव के प्रकरणों में स्थानीय स्तर पर ही प्रसव की सुविधा सुनिश्चित करने की बात कही गई। वहीं हाई रिस्क गर्भावस्था के मामलों में आवश्यकतानुसार मरीज को उच्च स्वास्थ्य संस्था में रेफर किया जाएगा।

### वन क्षेत्र में अवैध कटाई पर दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

**कांकेर, 10 सितंबर।** जिले के उप परिक्षेत्र भानबेड़ा के कक्ष क्रमांक आरएफ/256 में अतिक्रमण के उद्देश्य से अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करने के मामले में वन विभाग ने दो आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। आरोपी रामदेव सलाम एवं प्रेमसिंह सलाम, निवासी ग्राम भुरका पर क्रमशः 19 एवं 83 नग वृक्षों की अवैध कटाई का आरोप है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौका निरीक्षण कर वन अपराध पाए जाने पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26(1)(क) एवं (ज) के तहत दोनों आरोपियों के विरुद्ध जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर में परिवाद प्रस्तुत किया। साथ ही लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई के लिए सक्षम अधिकारी को लेख किया गया है। कार्यवाही वनमंडलाधिकारी कांकेर के मार्गदर्शन में की गई।

### उल्लास नव भारत साक्षरता का संदेश लेकर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**कांकेर, 10 सितंबर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कुन्दन कुमार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष हरेश मंडावी तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव श्री रमेश कुमार निषाद के कुशल मार्गदर्शन में जिले में जिला स्तरीय ष्अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवसष् शासकीय हाई स्कूल करप में गत दिवस 08 सितम्बर को मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री शिशुपाल शोरी तथा अध्यक्षता ग्राम सरपंच श्रीमती यशोदा मंडावी ने की।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में आयोजित आनंद मेले से हुई। मेले में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न छत्तीसगढ़ी व्यंजन तैयार किए गए। वहीं विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में आकर्षक रंगोली बनाकर ष्ष्उल्लास नव भारत साक्षरताष्ष् का संदेश दिया। रंगोली कार्यक्रम स्थल पर विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि श्री शिशुपाल सोरी ने बच्चों की रचनात्मकता एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने साक्षरता से संबंधित ष्भाषाए कविताए पोस्टर प्रतियोगिताए नृत्य एवं गीतष् के माध्यम से विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। इन कार्यक्रमों से नवसाक्षरों में उत्साह के साथ पड़ने-लिखने के प्रति जिज्ञासा जागृत हुई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अंधविश्वास विषय पर नाटक का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से अंधविश्वास से दूर रहने तथा जीवन में विज्ञान की महत्ता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री शिशुपाल शोरी एवं ग्राम सरपंच श्रीमती यशोदा मंडावी द्वारा नवसाक्षरों को साक्षरता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिला परियोजना अधिकारी ने साक्षरता से संबंधित बोनस अंक की जानकारी देते हुए गीत के माध्यम से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को नवसाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा 10 असाक्षरों को साक्षर करने पर 10 बोनस अंक प्रदान किए जाएंगे।

# बिट्टू फैमिली ढाबे की खाद्य अनुज्ञप्ति 10 दिन के लिए निलंबित कर दी गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 सितम्बर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच में बीजापुर मेन रोड स्थित बिट्टू फैमिली ढाबे में खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य अनुज्ञप्ति 10 दिनों के लिए निलंबित कर दी गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता के निरीक्षण के दौरान ढाबे में साफ-सफाई की कमी, खाद्य सामग्री के भंडारण की उचित व्यवस्था नहीं होना, फर्श पर कचरा, बिना ढक्कन का गंदा डस्टबिन तथा बर्तन धोने के स्थान पर खाद्य सामग्री का भंडारण पाया गया। इसके अलावा वेज और नॉनवेज सामग्री एक ही डीप फ्रीजर में रखी मिली, जबकि फ्रीजर और डायनिंग टेबल पर भी गंदगी पाई गई। विभाग ने ढाबा संचालक डोमेन्द्र देवांगन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत अनुज्ञप्ति निलंबित करने की कार्रवाई की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कहा है कि जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच आगे भी जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान शुरू



**बीजापुर 10 सितम्बर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने बुधवार को भोपालपटनम में स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। कांग्रेस नेताओं ने अभियान के जरिए स्मार्ट मीटर से जुड़े उपभोक्ताओं की शिकायतों और बढ़ते बिजली बिलों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। अभियान में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए।

अभियान के दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद जनता को राहत देने के बजाय महंगी बिजली, बढ़ते बिजली बिल और स्मार्ट मीटर जैसी नीतियों के कारण आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि जिले के हजारों उपभोक्ता ऊंचे बिजली बिलों से परेशान हैं और स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिलिंग में पारदर्शिता को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं।मंडावी ने कहा कि उपभोक्ताओं की इन शिकायतों को देखते हुए कांग्रेस जिलेभर में स्मार्ट मीटर के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और उपभोक्ताओं की आवाज को सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

### युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूर, सरकार उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही'

जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने भी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर युवा रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए स्मार्ट मीटर लगवा रही है।राठौर ने किसानों को खाद की उपलब्धता और युवाओं के रोजगार का मुद्दा भी उठाते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि आम उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत नहीं मिलती, तब तक कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जारी रहेगा।

### भोपालपटनम से शुरू हुआ अभियान, जिलेभर में विस्तार की तैयारी

कांग्रेस के अनुसार, अभियान का उद्देश्य स्मार्ट मीटर के खिलाफ आम उपभोक्ताओं की राय और समर्थन जुटाना है। भोपालपटनम में अभियान की शुरुआत के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक मौजूद रहे। कांग्रेस ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में अभियान को जिले के अन्य क्षेत्रों तक ले जाया जाएगा।

# विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बाद हीरापुर स्कूल के पीटीआई निलंबित, प्रभारी प्राचार्य हटाए गए

**कोंडागांव, 10 सितंबर।** जिले के माकड़ी विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हीरापुर में विद्यार्थियों के प्रदर्शन और स्कूल की शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर खबर सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने कार्यवाही करते हुए स्कूल में पदस्थ पीटीआई व्यायाम शिक्षक निर्मल कुमार को निलंबित कर दिया है। वहीं प्रभारी प्राचार्य कुंभज ऋषि भोयर को पद की जिम्मेदारी से हटा दिया गया है।

उनकी जगह एक अन्य व्याख्याता को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है।मामले में माकड़ी विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव में स्कूल की शैक्षणिक, प्रशासनिक और अनुशासन व्यवस्था को लेकर स्थिति का उल्लेख किया गया। पत्र के अनुसार, 8 सितंबर को स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा शिक्षक नहीं होने के विरोध में सड़क पर धरना दिया और नारेबाजी की थी। छात्रों के प्रदर्शन के बाद स्कूल की व्यवस्थाओं को लेकर विभागीय स्तर पर जांच की गई।विभागीय पत्र में कहा गया कि प्रभारी प्राचार्य को अपने विषय की नियमित पढ़ाई के साथ स्कूल में शिक्षकों के अध्यापन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन और संस्था के समुचित संचालन की निगरानी करनी थी। जांच के दौरान प्रभारी प्राचार्य की ओर से अपने विषय की नियमित पढ़ाई में अपेक्षित रुचि नहीं दिखाए जाने की बात भी सामने आई। इसके बाद उन्हें प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी से हटाने का निर्णय लिया गया। वहीं विद्यालय के पीटीआई/व्यायाम शिक्षक निर्मल कुमार के खिलाफ भी विद्यार्थियों ने शिकायत की थी। छात्रों का कहना था कि स्कूल में खेल और शारीरिक गतिविधियां नियमित रूप से नहीं कराई जातीं। छात्रों ने शिक्षक पर शराब पीकर स्कूल आने के आरोप भी लगाए थे। विभागीय कार्रवाई के तहत अब उन्हें निलंबित कर दिया गया है।कोंडागांव जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान ने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों की पढ़ाई, अनुशासन और बेहतर शैक्षणिक माहौल से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों का हित विभाग की प्राथमिकता है और स्कूलों की व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

# 28,243 मीट्रिक टन धान की कमी पर सरकार जवाब दे: नवनीत चाँद

**जगदलपुर, 10 सितंबर।** बस्तर संभाग में वर्ष 2025-26 की धान खरीदी के बाद 382 उपार्जन केंद्रों के भौतिक सत्यापन में 28,243 मीट्रिक टन धान का अंतर सामने आने की जानकारी सार्वजनिक हुई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस धान का मूल्य लगभग ?89 करोड़ 30 लाख 87 हजार आंका गया है। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चाँद ने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर है और इसकी वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने के लिए निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि संभाग में बड़ी मात्रा में धान खरीदी के बाद भौतिक सत्यापन में सामने आया यह अंतर केवल समिति प्रबंधकों की जिम्मेदारी मानकर समाप्त नहीं किया जा सकता। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यह अंतर खरीदी, तौल, परिवहन, उठाव, संग्रहण, मिलिंग या किसी अन्य चरण में किस कारण से सामने आया। यदि समय पर उठाव नहीं होने, धान के लंबे समय तक पड़े रहने, नमी अथवा प्राकृतिक सूखत के कारण किसी प्रकार की कमी हुई है तो उसका भी प्रचलित विभागीय नियमों एवं वैज्ञानिक मानकों के आधार पर निष्पक्ष आकलन होना चाहिए। वहीं यदि जांच में किसी स्तर पर वित्तीय या प्रशासनिक अनियमितता प्रमाणित होती है तो जिम्मेदार लोगों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

नवनीत चाँद ने कहा कि बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने धान खरीदी और उठाव से जुड़े विषयों को पहले भी लगातार उठाया है। 2 मई 2026 को जनता दरबार, जगदलपुर के माध्यम से कलेक्टर बस्तर को ज्ञापन देकर धान संबंधी अनियमितताओं की जांच, दोषियों पर कार्रवाई एवं जवाबदेही तय करने की मांग की गई थी। इसके बाद जून 2026 में समय पर धान उठाव नहीं होने तथा लगभग 15.50 करोड़ के नुकसान से संबंधित सामने आई जानकारी पर भी संगठन ने निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों की जवाबदेही की मांग की थी। उन्होंने कहा कि अब सामने आई 28,243 मीट्रिक टन के अंतर की जानकारी हमारे पूर्व में उठाए गए सवालों को और गंभीर बनाती है।बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की मांग है कि, लगभग ?89.30 करोड़ मूल्य के बताए जा रहे धान के अंतर की CBI से निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# विद्युत वितरण कंपनी ने 439 शासकीय कनेक्शन काटे और 50 विभागों से 13.67 लाख वसूले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 10 सितंबर ।** बस्तर की विद्युत वितरण कंपनी अब लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले शासकीय विभागों का कनेक्शन काटने अभियान शुरू कर दिया है। बस्तर संभाग के सातों जिलों में अब तक 439 शासकीय कनेक्शन काटे जा चुके हैं, जबकि कार्रवाई के दौरान 50 बकायादार विभागों से 13 लाख 67 हजार रुपए से अधिक की वसूली भी की गई है। इसके बावजूद सरकारी विभागों पर बकाया बिजली बिल का आंकड़ा करोड़ों में बना हुआ है। जिन 439 शासकीय कनेक्शनों पर कार्रवाई की गई, उन पर कुल 1 करोड़ 28 लाख 53 हजार 998 रुपए की बिजली बिल राशि बकाया थी। भुगतान नहीं होने पर विभाग ने कनेक्शन विच्छेदित करने की कार्रवाई की गई।बस्तर संभाग के सातों जिलों में शासकीय विभागों के कुल 19 हजार 880 बिजली कनेक्शन हैं। इन कनेक्शनों पर लगभग 1 अरब 72 करोड़ 61 लाख 16 हजार रुपए यानी 172 करोड़ रुपए से अधिक का बिजली बिल बकाया है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण विद्युत कंपनी ने अब विभागवार बकाया राशि की समीक्षा शुरू कर दी है। विद्युत कंपनी की ओर से अब ऐसे शासकीय कार्यालयों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान लंबित है। बकाया राशि जमा नहीं करने वाले विभागों के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है।विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अभियान का उद्देश्य बकाया राशि की वसूली के साथ-साथ शासकीय विभागों पर लगातार बढ़ रहे बिजली बिल के बकाये को नियंत्रित करना है। सरकारी कार्यालयों पर इतनी बड़ी राशि बकाया होने के बाद अब विद्युत कंपनी ने स्पष्ट कर दिया है कि बकाया बिल के मामले में सरकारी विभागों को भी राहत नहीं दी जाएगी और भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई जारी रहेगी।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता स्थल का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**बीजापुर 10 सितम्बर।** भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग ने ग्राम पंचायत कड़ेनार के आश्रित ग्राम भोगामगुड़ा में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जिलास्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष के सामने गांव की मूलभूत समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने पुल-पुलिया, सड़क, बिजली और देवीगुड़ी जैसी सुविधाओं की मांग करते हुए इनके निराकरण की आवश्यकता बताई।ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए घासीराम नाग ने संबंधित अधिकारियों से फोन पर चर्चा की और समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

# 35 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं के कांग्रेस प्रवेश के दावे पर सियासी संग्राम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 10 सितम्बर।** जिला मुख्यालय बीजापुर में ग्राम पंचायत गदामली के 35 से अधिक लोगों के कांग्रेस में प्रवेश को लेकर जिले की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इसे भाजपा कार्यकर्ताओं का पार्टी से मोहभंग बताते हुए दावा किया कि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की रीति-नीति और विधायक विक्रम मंडावी के जनकल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस का हाथ थामा है। वहीं, भाजपा ने कांग्रेस के इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए इसे 'कोरा झूठ और राजनीतिक स्टंट' करार दिया है।कांग्रेस की ओर से जारी जानकारी के अनुसार बुधवार को बीजापुर में ग्राम पंचायत गदामली के 35 से अधिक सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में प्रवेश किया। विधायक विक्रम मंडावी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर सहित कांग्रेस नेताओं ने नए सदस्यों का कांग्रेस का गमछा पहनाकर और फूलमालाओं से स्वागत किया।

### भाजपा का पलटवार-'एक भी भाजपा कार्यकर्ता शामिल नहीं'



कांग्रेस के दावे के कुछ ही समय बाद भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने कांग्रेस के पूरे दावे को 'गलत, भ्रामक और बेबुनियाद' बताते हुए कहा कि कांग्रेस में प्रवेश करने वालों में एक भी भाजपा कार्यकर्ता शामिल नहीं है।नाग ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बीजापुर प्रवास को देखते हुए कांग्रेस ने अपने ही कार्यकर्ताओं को टोपी पहनाकर उन्हें भाजपा कार्यकर्ता के रूप में प्रस्तुत किया और जनता को गुमराह करने का प्रयास किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रवेश का प्रचार करना महज राजनीतिक स्टंट है। भाजपा जिलाध्यक्ष के मुताबिक जब किसी पार्टी को अपने संगठन और जनाधार पर भरोसा नहीं रहता, तब वह इस तरह के राजनीतिक हथकंडों का सहारा लेती है।

### 'चुनाव नजदीक आते ही शुरू हो जाता है भ्रामक प्रचार'

घासीराम नाग ने विधायक विक्रम मंडावी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालू राठौर पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस नेतृत्व भ्रामक प्रचार और राजनीतिक हथकंडों का सहारा लेने लगता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन मजबूत है और पार्टी के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ संगठन के साथ खड़े हैं। नाग ने कांग्रेस को सलाह दी कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की चिंता करने के बजाय वह अपने संगठन और जनाधार पर ध्यान दे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ टोपी पहनाने और फोटो खिंचवाने से कोई व्यक्ति भाजपा कार्यकर्ता नहीं बन जाता और न ही किसी राजनीतिक दावे को सच साबित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी।

### एक ही कार्यक्रम, दो दावे-अब सियासी सवाल बड़ा

गदामली के लोगों के कांग्रेस में शामिल होने को लेकर सामने आए दोनों दलों के परस्पर विरोधी दावों ने बीजापुर की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। कांग्रेस इसे भाजपा के अंदर असंतोष और कार्यकर्ताओं के मोहभंग का संकेत बता रही है, जबकि भाजपा इसे कांग्रेस की 'फर्जी राजनीतिक कहानी' और प्रचार की राजनीति करार दे रही है।

अब सवाल यह है कि गदामली से कांग्रेस में आए बताए जा रहे लोगों की वास्तविक राजनीतिक पृष्ठभूमि क्या है और वे किस दल से जुड़े रहे हैं? दोनों दलों के दावों के बीच यह मुद्दा आने वाले दिनों में बीजापुर की सियासत में और तूल पकड़ सकता है।

### कांग्रेस बोली-भाजपा की नीतियों से जनता का मोहभंग

कांग्रेस में प्रवेश कार्यक्रम के दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को ढाई साल हो चुके हैं, लेकिन 'मोदी की गारंटी' के नाम पर किए गए चुनावी वादों में से एक भी वादा जनता के हित में पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने दावा किया कि किसान, युवा, आदिवासी, महिलाएं, छोटे व्यापारी और आम जनता सरकार की नीतियों से परेशान हैं तथा भाजपा से मोहभंग की स्थिति बन रही है। मंडावी ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश और देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने गदामली के लोगों के कांग्रेस में शामिल होने को भाजपा की कथित असफल नीतियों के खिलाफ जनभावना का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बस्तर की जल-जंगल-जमीन और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के साथ विकास की लड़ाई जारी रखेगी।

## एक नजर

### कीटनाशी नियमों की अनदेखी पर कृषि विभाग ने दो दुकानों की अनुज्ञप्ति निलंबित की



**रायगढ़, 10 सितम्बर।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशी, फफूंदनाशी एवं खरपतवारनाशी दवाएं उपलब्ध कराने तथा नकली एवं अवसान हो चुकी दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा जिले में कीटनाशी विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखण्ड रायगढ़ में कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियम 1971 का पालन नहीं करने वाले कृषि केंद्रों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।निरीक्षण के दौरान मेसर्स दासरथी कृषि सेवा केन्द्र, महापल्ली एवं मेसर्स विकास स्मार्ट कृषि केन्द्र, बोईरदादर की अनुज्ञप्ति प्रभाव से निलंबित की गई। वहीं मेसर्स विकास कृषि केन्द्र द्वारा आवश्यक पंजी संधारण नहीं किए जाने तथा नियम 10(4), 15(1) एवं 15(2) का पालन नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कृषि विभाग की टीम में कीटनाशी निरीक्षक अभिषेक पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रायगढ़ तथा कृषि विकास अधिकारी विनोद पटेल शामिल रहे।कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कीटनाशी विक्रय संस्थानों का नियमित निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा। कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियम 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग का मुख्य उद्देश्य बाजार में नकली, अमानक एवं अवसान दवाओं की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाना है, ताकि किसानों को उनकी फसल के लिए सही एवं गुणवत्तापूर्ण कीटनाशी, फफूंदनाशी और खरपतवारनाशी दवाएं उपलब्ध हो सकें।

### पुसौर विकासखंड के उत्कृष्ट शिक्षकों का किया गया सम्मान



**रायगढ़, 10 सितम्बर।** पुसौर विकासखण्ड की शालाओं में उत्कृष्ट अध्यापन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 26 संकुलों से चयनित 52 शिक्षकों तथा वर्ष 2025 में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त दो शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह ग्राम गढ़उमरिया स्थित अजीम प्रेमजी स्कूल के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।समारोह में जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान, जिला पंचायत सदस्य भाग्यवती डोल नायक, जनपद सदस्य मुक्तेश्वर पंडा, संदीप पंडा एवं डोल नारायण नायक ने शिक्षकों को मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शिक्षकों का चयन संकुलों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर किया गया था। जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान ने पुसौर विकासखण्ड को शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करने की दिशा में कार्य करने की अपील की। अन्य अतिथियों ने भी सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भुनेश्वर पटेल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों से समर्पित प्रयास करने का आह्वान किया ।

### 14 से 23 सितंबर तक सुर, लय और ताल से गूंजेगा रायगढ़

**रायगढ़, 10 सितम्बर।** कला, संगीत और साहित्य की समृद्ध परंपरा के लिए देशभर में पहचान रखने वाला रायगढ़ एक बार फिर सुर, लय और ताल की अनूठी साधना का साक्षी बनने जा रहा है। संगीत सम्राट महाराजा चक्रधर सिंह की स्मृति में आयोजित प्रतिष्ठित 41 वां चक्रधर समारोह-2026 का आयोजन 14 से 23 सितंबर तक 10 दिनों तक भव्य स्वरूप में किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस समारोह में शास्त्रीय नृत्य, गायन, वादन, लोककला, सुगम संगीत और साहित्यिक प्रस्तुतियों के साथ देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने बुधवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में प्रेसवार्ता लेकर चक्रधर समारोह-2026 की तैयारियों, कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 दिवसीय समारोह में देशभर के ख्यात कलाकार विभिन्न शास्त्रीय एवं लोक कलाओं की प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।इस वर्ष चक्रधर समारोह के मंच पर पद्म पुरस्कारों से सम्मानित अनेक दिग्गज कलाकारों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समारोह के शुभारंभ अवसर पर पद्मश्री डॉ. उषा बारले पंडवानी की प्रस्तुति देंगी, जबकि पद्मश्री अनुज शर्मा लोक कला एवं संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं पद्मश्री डॉ. भारती बंधु कबीर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

---

पीएम मोदी के सेवा समर्पण के 25 साल पूरे होने पर

# भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाएगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 10 सितंबर।** भाजपा मंडल छुरा में सेवा संकल्प अभियान के निमित्त आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाला कार्य समिति मासिक बैठक एवं रविदास जयंती कलश वंदन यात्रा को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्रदेश सहसंयोजक भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के मुरलीधर सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के लोकप्रिय नेता और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा सेवा और समर्पण के 25 वर्ष को सेवा संकल्प अभियान जन सेवा ही प्रभु सेवा को 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक अभियान को किया जाना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 76 वां जन्मदिन पर 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया प्रत्येक बूथ पर 25 दीपक जलाया जाना है । मंडल और जिला स्तर पर आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित करके जन्मदिन को मनाया जाएगा, उन्होंने 30





दिन तक चलने वाले कार्यक्रम पर 13 बिंदु में अपना विचार व्यक्त किया । मंडल अध्यक्ष छुरा खोमन चंद्राकर ने भी सेवा संकल्प अभियान की जानकारी दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किये । उक्त बैठक का संचालन महामंत्री रामलाल कुलदीप एवं आभार जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा ने किया । इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती केसरी ध्रुव, रमेश सिंह उपाध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला गरियाबंद, मंडल महामंत्री अशोक ठाकुर, नारायण पटेल, चिंताराम सिन्हा , हेमलाल यादव, अजय दीक्षित, लोकनाथ साहू, सरवर खान, मानिक राम साहू, अजमेर खान, अघनुराम, मनोहर विश्वकर्मा, अनिल सिन्हा, श्रीमती संतोषी साहू, श्रीमती मीना चंद्राकर, रजनी लहरे , खीरमनी हरपाल, हितेश ध्रुव, त्रिवेंद्र कुमार साहू, लोकेश चंद्राकर, चमन साहू, टीकम सोरी, देवेंद्र शर्मा, खेमलाल यादव, गिरवर लहरे, नरेंद्र साहू, धर्मेंद्र चंद्राकर, टिंकू सचदेवा, डोमन पटेल, सुनील पटेल, पिलेश्वर पटेल, भोलेशंकर जायसवाल, गणेश राम यादव, रामकुमार यादव, गुलेश्वर दीवान, ओंकार सोनी, नरेंद्र पटेल, सीताराम साहू, तुलसीराम साहू, मंथीर ध्रुव, मयंक सोनी, दिशांक चंद्राकर, भानुराम मरकाम, रामरतन साहू, रूपनाथ बंजारे, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांव उपस्थित थे ।

---

# योग में मिथलेश सिन्हा, पारंपरिक स्वास्थ्य में ओमप्रकाश साहू तथा पंडवानी में खेमिन निषाद मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 10 सितंबर।** राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज परिसर में संभाग स्तरीय प्रबुद्धजन सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में सोमवार, 7 सितंबर को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी उपस्थित रहे।

सम्मेलन में रायपुर संभाग के विभिन्न जिलों से पहुंचे समाज के प्रबुद्धजनों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड से तीन विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ।

छुरा के योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा को योग, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा विगत लगभग 12 वर्षों से योग एवं आरोग्य के क्षेत्र में निरंतर सेवा कर रहे हैं। उन्होंने योग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं जनजागरूकता गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है।पारंपरिक चिकित्सा एवं जनसेवा के क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों से सक्रिय वैद्य ओमप्रकाश साहू को भी सम्मानित किया गया। वे कम शुल्क में लोगों को पारंपरिक चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहे हैं। बताया गया कि वे सप्ताह में लगभग 300 लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हुए पारंपरिक चिकित्सा को आमजन तक सहज एवं सुलभ रूप से पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उनकी चिकित्सा सेवा का लाभ प्रदेश के अनेक जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने भी



लिया है। सेवा भावना एवं पारंपरिक चिकित्सा के प्रति समर्पण के कारण उन्होंने क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

गरियाबंद क्षेत्र की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका एवं लोक कलाकार खेमिन निषाद, राजपुर को भी लोककला एवं पंडवानी गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वे अपनी कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा, संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। पंडवानी जैसी पारंपरिक लोकविधा के माध्यम से भारतीय संस्कृति, लोकपरंपरा एवं सामाजिक संदेशों को जीवंत बनाए रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।कार्यक्रम में इन तीनों प्रतिभाओं को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सम्मानित किए जाने पर उन्हें थानसिंग निषाद,निखिल साहू,शीतल ध्रुव, नंदकुमार साहू, कमलनारायण सिन्हा, घनश्याम साहू ,शीतल ध्रुव, ललित राठौर, नरसिंह सोम, बालचंद सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, परिवार जन ,मित्रगण , जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाज प्रमुखो एवम क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी।

### यू-विन पोर्टल के प्रभावी संचालन को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 10 सितम्बर।** राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत यू-विन पोर्टल के प्रभावी संचालन एवं उपयोग को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीएमएचओ कार्यालय रायगढ़ के आरोग्यम सभा कक्ष में यू-विन रिफ्रेशर टेªनिंग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी.पी. पटेल तथा यूएनडीपी-पीक्यू मोहम्मद अजीम ने प्रतिभागियों को यू-विन पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का पंजीयन, लाभार्थियों के टीकाकरण रिकॉर्ड का संधारण, ऑनलाइन टीकाकरण प्रविष्टि, टीकाकरण के लिए निर्धारित लाभार्थियों की सूची तैयार करना, टीकाकरण सत्र से संबंधित प्रविष्टियां तथा लाभार्थियों के टीकाकरण की डिजिटल निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

---

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 10 सितम्बर।** जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों को गति देने और हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने समूह नल-जल योजनाओं के लंबित कार्यों की भी समीक्षा की और निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने लंबे समय से काम बंद रखकर योजनाओं की प्रगति प्रभावित करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने मेसर्स प्रीति कंस्ट्रक्शन, बिलासपुर एवं मेसर्स जीतेश्वर साहू, बरमकेला के विरुद्ध संबंधित एसडीएम के माध्यम से नोटिस जारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब स्वीकार



नहीं किया जाएगा और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ जिम्मेदारी भी तय की जाए।

बैठक में रायगढ़ जिले को हर घर जल जिला बनाने के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की अद्यतन प्रगति और मैदानी स्तर पर उनकी वास्तविक स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। कलेक्टर ने योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

#### अक्टूबर तक 378 योजनाएं पूर्ण करने का लक्ष्य

समीक्षा बैठक में सीआईआरपी के अनुसार अक्टूबर 2026 तक जिले में 378 योजनाओं को पूर्ण करने के लक्ष्य पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में एसएनए स्पर्श के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया, जल जीवन मिशन के अंतर्गत खंड कार्यालयों में उपलब्ध देयकों तथा उनके भुगतान की कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा सेवा संकल्प अभियान एवं जल अर्पण दिवस के आयोजन और एसवीएस योजनाओं के भुगतान के लिए निर्धारित पेमेंट प्रोटोकॉल पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा हुई।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित मानकों और समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित समीक्षा, सतत मॉनिटरिंग और आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रतिभा नवरतन, सहायक अभियंता, उप अभियंता सहित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिले में गूंजा साक्षरता का संदेश

**रायगढ़, 10 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2026 में प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लक्ष्य के साथ जनजागरूकता और वातावरण निर्माण के लिए आयोजित साक्षरता पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में भी विभिन्न जागरूकता एवं जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिले के सभी विकासखण्डों में साक्षरता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को शिक्षा और साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के जीवन में जागरूकता, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता



का मार्ग प्रशस्त करती है। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर मानव श्रृंखला, उल्लास शपथ, जागरूकता कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों ने सहभागिता की।

दीप प्रज्वलन के माध्यम से अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के उजाले की ओर बढ़ने का संदेश

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सायंकाल आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। दीप प्रज्वलित कर अज्ञानता और अशिक्षा रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान, शिक्षा और साक्षरता के उजाले की ओर आगे बढ़ने का प्रतीकात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने जिले को पूर्ण साक्षर बनाने के संकल्प को दोहराते हुए साक्षरता अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

मानव श्रृंखला और उल्लास शपथ के माध्यम से भी लोगों को अपने आसपास के निरक्षर व्यक्तियों को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित करने तथा साक्षरता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया।

### जल शोधन संयंत्र में थर्ड क्लास एलम का उपयोग,जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़

**अंवरी,10 सितंबर।** नगर में जनता की स्वास्थ्य को अनदेखा किया जा रहा है।जल शोधन संयंत्र में थर्ड क्लास एलम का उपयोग कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।पानी की गुणवत्ता की जांच के नाम पर महज खाना पूर्ति की जा रही है।सरकारी रिपोर्ट में सब ठीक ठाक है पर वस्तुस्थिति सरकारी रिपोर्ट की धज्जियां उड़ा रहा है।

मामला है नगर पंचायत भखारा का जहां स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में बल्क में एलम की खरीदी की गई है।एलम की गुणवत्ता की कहानी प्लांट में रखे एलम खुद बयां कर रहा है उपलब्ध एलम असुरक्षित जगह होने के कारण उसमें नमी आ गई है।

---

# सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाने की तैयारी

**रायगढ़, 10 सितम्बर।** जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिल्पा भगत सहित संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अभियान की तैयारियों, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, विभागवार कार्ययोजना और प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान को केवल औपचारिक



कार्यक्रमों तक सीमित न रखते हुए गांव, वार्ड, विकासखंड एवं जिला स्तर पर जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं, स्वयंसेवी संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं, स्व-सहायता समूहों एवं वरिष्ठ नागरिकों को भी इससे जोड़ा जाए।

#### 'आशीर्वाद का दीया' से होगी शुरुआत

अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर की शाम 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगा। इसके अलावा '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'सेवा ज्योति यात्रा' और 'सेवा मेरा योगदान' जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के तहत शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा। अभियान के दौरान 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', 'जल जन सेवा संकल्प', 'राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज' और 'जनसेवक महाकुंभ-पंचायत से पार्लियामेंट' सहित विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। अधिकारियों को सभी गतिविधियों का बेहतर विभागीय समन्वय के साथ समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 10 सितम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी) के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बापूनगर-ए, वार्ड क्रमांक 05 में आंगनबाड़ी सहायिका का पद रिक्त है। उक्त पद की पूर्ति के लिए इच्छुक आवेदिकाओं से 10 से 24 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

---

## समाचार संक्षेप

### स्वच्छता की ओर एक और कदम, फुटकर विक्रेताओं को बांटे गए डस्टबीन



**छुरा, 10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत छुरा द्वारा स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर के फुटकर विक्रेताओं को डस्टबीन का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखना तथा कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना है।नगर पंचायत द्वारा फुटकर विक्रेताओं से अपील की गई कि वे दुकानों एवं आसपास उत्पन्न होने वाले कचरे को डस्टबीन में ही डालें तथा सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं। इससे बाजार क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने में मदद मिलेगी और आम नागरिकों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद, उपाध्यक्ष समीम खान, पार्षद हरीश यादव,रामजी दीवान, शांतनु देवांगन सहित नगर पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।नगर पंचायत की इस पहल को स्वच्छ एवं सुंदर छुरा बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। ÷स्वच्छ छुरा, सुंदर छुरा – स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी÷ के संदेश के साथ नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन




**छुरा, 10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. ओमप्रकाश साहू द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना एवं उद्देश्यों के बारे में सविस्तार बताया गया । कार्यक्रम में अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. एन. कुमार स्वामी ने उद्बोधन में कहा कि गैर शैक्षणिक सदस्य है इस विश्वविद्यालय के आधार स्तंभ है। संयुक्त कुल सचिव डॉ. रानी झा अपने उद्बोधन में कहा कि 10 वर्षों में इस विश्वविद्यालय में बहुत लोग आए और इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ते हुए खुद भी आगे बढ़े और आने वाली पीढ़ी भी उनको आगे बढ़ाई रही है। कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने उद्बोधन में कहां की विश्वविद्यालय एक परिवार है जिसमें सभी सदस्यों का अपना अपना योगदान और कर्तव्य जिनका निर्वहन करते हुए यह विश्वविद्यालय निरंतर आगे बढ़ रहा है। समारोह का प्रमुख आकर्षण ÷उत्कृष्टता के 10 वर्ष - विश्वविद्यालय यात्रा और उपलब्धियां रहा, जिसमें विश्वविद्यालय की दस वर्षों की शैक्षणिक यात्रा, उपलब्धियों और विकास की महत्वपूर्ण झलक प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के सदस्यों द्वारा उत्कृष्टता के 10 वर्ष - विश्वविद्यालय यात्रा और उपलब्धियाँ के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए गए।

### ईडब्ल्यूएस भूमि में अनियमितता पर ग्रीन पार्क कॉलोनी का लाइसेंस निरस्त

**रायगढ़, 10 सितम्बर।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षित भूमि के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर जिला प्रशासन ने ग्राम बड़े अतरमुड़ा स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी के विकासकर्ता के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर की गई जांच में ईडब्ल्यूएस भूमि के संबंध में नियमों का पालन नहीं किए जाने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति सामने आने पर कॉलोनी विकासकर्ता श्री अभिषेक अग्रवाल का कॉलोनी रजिस्ट्रीकरण निरस्त कर दिया गया है। साथ ही कॉलोनी के भूखंडों के क्रय-विक्रय पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है।एसडीएम रायगढ़ श्री महेश शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान कॉलोनी विकासकर्ता से ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित 15 प्रतिशत भूमि के संबंध में दस्तावेज सहित स्पष्टीकरण मांगा गया था। जवाब में विकासकर्ता द्वारा ग्राम नवापाली, तहसील पुसौर स्थित भूमि को ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित बताया गया। जांच में पाया गया कि उक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में विकासकर्ता के नाम पर कृषि भूमि के रूप में दर्ज है तथा इसे सक्षम प्राधिकारी को हस्तांतरित किए जाने संबंधी आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। वहीं, ग्रीन पार्क कॉलोनी से संबंधित ईडब्ल्यूएस भूमि निर्धारित क्षेत्र की सीमा में भी नहीं पाई गई।

### चक्रधर समारोह में 19 सितंबर को काव्य संध्या



**रायगढ़, 10 सितम्बर।** महाराजा चक्रधर सिंह की कला-साधना और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित 41वें अंतर्राष्ट्रीय चक्रधर समारोह-2026 का भव्य आयोजन 14 से 23 सितम्बर तक रामलीला मैदान, रायगढ़ में होगा। स्थानीय प्रतिभाओं से लेकर देश-प्रदेश के सुप्रसिद्ध और नामचीन कलाकारों से सजे इस सांस्कृतिक महाकुंभ में दस दिनों तक सुर, ताल और नृत्य की अनूठी महफिल सजेगी। इसी क्रम में 19 सितंबर को रात्रि 9 बजे से काव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त कवि हास्य-व्यंग्य, वीर रस और गीतों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।काव्य संध्या में पद्मश्री सम्मानित श्री सुरेंद्र शर्मा (दिल्ली) हास्य रस से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। डॉ. प्रवीण शुक्ला (दिल्ली) हास्य-व्यंग्य, श्रीमती कविता तिवारी (लखनऊ) वीर रस, श्रीमती शशि सुरेंद्र दुबे (रायपुर) हास्य काव्य, श्री दिनेश दिग्गज (उज्जैन) हास्य काव्य, श्री अमन अक्षर (इंदौर) गीत तथा श्री किशोर तिवारी (भिलाई) अखिल भारतीय गीतों की प्रस्तुति देंगे।

### अध्यक्ष चुने जाने पर चुन्नीलाल ने सहयोग के लिए आभार माना

**भाटापारा, 10 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छग मंडी एवं मण्डी बोर्ड कर्मचारी महासंघ रायपुर छत्तीसगढ के लिए हुए निर्वाचन में भाटापारा कृषि उपज मंडी में पदस्थ सचिव वरिष्ठ चुन्नी लाल ध्रुव प्रातांध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए है ध्रुव ने अपने प्रदेश मंडी के साथियों के हितों में काम करने का विश्वास दिलाते हुए उन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया । इस प्रदेश स्तरीय चुनाव मे भाटापारा मण्डी के इतिहास में यह पहली बार है ,जो कि प्रदेश स्तर के निर्वाचन में भाटापारा को प्रतिनिधित्व मिला है , चुन्नीलाल ध्रुव के प्रातांध्यक्ष बनने पर ,भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतनशर्मा पोहा मुरमुरा निर्माता एसोशियेशन संघ के रंजीत दावानी ने बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की है ।



# पूर्व राजिम एसडीओ के सरकारी बंगले में 11 कर्मचारियों की कथित तैनाती पर नियम, आदेश और खर्च पर उठे बड़े सवाल

## खाना बनाने से लेकर साफसफाई और बच्चों की देखरेख तक कर्मचारी लगाने के आरोप, अब विभागीय रिकॉर्ड से खुलेगा पूरा सच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गरियाबंद/छुरा/राजिम, 10 सितम्बर।** सरकारी सेवा में अधिकारियों को शासन की ओर से सुविधाएं इसलिए उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर तरीके से कर सकें। लेकिन गरियाबंद वन मंडल के राजिम में पदस्थ रहे पूर्व उप वनमंडलाधिकारी विकास चंद्राकर के कार्यकाल को लेकर सामने आ रही चर्चाओं ने सरकारी सुविधाओं के इस्तेमाल और कर्मचारियों की तैनाती पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

आरोप है कि राजिम में पदस्थापना के दौरान सरकारी बंगले में अधिकारी की सेवा-सुविधा के लिए एक-दो नहीं, बल्कि कथित तौर पर करीब 11 कर्मचारी लगाए गए थे। दावा किया जा रहा है कि इन कर्मचारियों से खाना बनाने, साफ-सफाई सहित अलग-अलग घरेलू कार्य कराए जाते थे। यदि यह आरोप सही पाया जाता है तो मामला केवल कर्मचारियों की संख्या तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकारी मानव संसाधन और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग का गंभीर विषय बन सकता है।

» 'साहब' के सरकारी बंगले में 11 कर्मचारी क्यों?

» सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर सरकारी बंगले में इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की तैनाती की आवश्यकता क्यों पड़ी?

» क्या इन सभी कर्मचारियों को विभागीय कार्य के लिए अधिकृत रूप से तैनात किया गया था?

» क्या इसके लिए सक्षम अधिकारी से लिखित अनुमति ली गई थी?

» क्या कर्मचारियों की तैनाती का कोई आदेश जारी हुआ था?

» क्या उनकी ड्यूटी सरकारी कार्यों में थी या सरकारी आवास की व्यक्तिगत सेवा-सुविधाओं में?

» इन सवालों का जवाब यदि विभागीय रिकॉर्ड में मौजूद है तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सके।

**खाना, सफाई और बच्चों की देखरेख तक के आरोप :** वन विभाग से जुड़े एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर दावा किया कि सरकारी बंगले में अलग-अलग कामों के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती थी। आरोपों के अनुसार, खाना बनाने से लेकर साफ-सफाई और बच्चों की देखरेख जैसे कार्यों के लिए भी कर्मचारियों का इस्तेमाल किया जाता था।

हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। इसलिए पूरे मामले की सच्चाई केवल ड्यूटी आदेश, उपस्थिति पंजी, वेतन भुगतान रिकॉर्ड और अधिकारियों के लिखित आदेशों की जांच से ही सामने आ सकती है।

**सरकारी कर्मचारी किस काम के लिए थे? रिकॉर्ड खोले तो सामने आएगा सच:** यदि 11 कर्मचारियों की तैनाती वास्तव में हुई थी, तो विभाग के पास इसका पूरा रिकॉर्ड होना चाहिए। कर्मचारियों के नाम, पद, तैनाती अवधि, ड्यूटी आदेश, उपस्थिति और वेतन भुगतान की जानकारी से यह स्पष्ट किया जा सकता है कि कर्मचारी वास्तव में किस कार्य के लिए तैनात थे। यही रिकॉर्ड यह भी बताएगा कि सरकारी खजाने से इन कर्मचारियों पर कितना खर्च हुआ। यानी मामला सिर्फ 11 कर्मचारियों का नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था में उनके इस्तेमाल और भुगतान की पूरी प्रक्रिया का है।

**सरकारी पैसा जनता का है, किसी की निजी सुविधा का नहीं :** सरकारी कर्मचारी जनता के पैसे से वेतन प्राप्त करते हैं। इसलिए किसी अधिकारी की व्यक्तिगत सुविधा के लिए यदि सरकारी कर्मचारियों का इस्तेमाल किया गया हो तो यह बेहद गंभीर विषय है।

एक तरफ शासन प्रशासन में मितव्ययिता, पारदर्शिता और जवाबदेही की बात करता है, वहीं दूसरी तरफ यदि किसी अधिकारी के सरकारी आवास पर जरूरत से कहीं अधिक कर्मचारी लगाए जाने की बात सामने आती है तो इसकी जांच होना जरूरी है। जनता यह जानना चाहती है कि सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल नियमों के अनुसार हुआ या फिर किसी अधिकारी की निजी सुविधा के लिए? अगर जांच में नियम विरुद्ध तैनाती या सरकारी संसाधनों के निजी इस्तेमाल की पुष्टि होती है तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका तय कर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

**अब सबसे बड़ा सवाल—'11 कर्मचारी' किसके आदेश पर:** राजिम के सरकारी बंगले में कथित तौर पर 11 कर्मचारियों की तैनाती का मामला अब सिर्फ विभागीय गलियारों की चर्चा बनकर नहीं रहना चाहिए। यदि आरोप गलत हैं तो विभाग को रिकॉर्ड सामने रखकर स्थिति साफकरनी चाहिए और यदि आरोप सही हैं तो सरकारी धन एवं मानव संसाधन के इस्तेमाल का पूरा हिसाब जनता के सामने आना चाहिए।

क्योंकि सरकारी बंगला किसी अफसर की निजी रियासत नहीं और सरकारी कर्मचारी किसी की निजी सेवा के लिए नहीं होते। अब सवाल सीधा है–अगर 11 कर्मचारी तैनात थे, तो आखिर किसके आदेश पर और किस नियम के तहत?

जांच होगी तो सच सामने आएगाऽ और सच सामने आया तो जिम्मेदारी भी तय करनी होगी।

### 'एक कर्मचारी' के नियम की चर्चा, फिर 11 कैसे?

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि सरकारी आवास पर सेवा के लिए निर्धारित संख्या में ही कर्मचारियों की व्यवस्था का प्रावधान रहता है। ऐसे में यदि कथित तौर पर 11 कर्मचारियों को एक अधिकारी के सरकारी बंगले पर लगाया गया था, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि यह व्यवस्था किस नियम और किस आदेश के तहत की गई? यदि नियमों के तहत अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए थे तो आदेश सामने आना चाहिए। और यदि बिना सक्षम अनुमति के ऐसा हुआ था तो जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए।

### ट्रांसफर के बाद तेज हुई चर्चा

बताया जा रहा है कि अधिकारी के राजिम में पदस्थ रहने के दौरान अधीनस्थ कर्मचारी खुलकर इस विषय पर बोलने से बचते थे। अब स्थानांतरण के बाद सरकारी बंगले की कथित व्यवस्था को लेकर विभागीय हलकों में चर्चाएं होने की बात सामने आ रही है। यदि यह केवल अफवाह है तो विभाग को रिकॉर्ड सामने रखकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। वहीं यदि आरोपों में सच्चाई है तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

### अब जांच हुई तो खुलेंगे कई पन्ने

मामले की निष्पक्ष जांच के लिए संबंधित विभाग को राजिम में पूर्व एसडीओ के कार्यकाल के दौरान सरकारी बंगले पर तैनात कर्मचारियों की पूरी जानकारी जुटानी चाहिए। साथ ही— कर्मचारियों की तैनाती के आदेश की जांच, ड्यूटी चार्ट और उपस्थिति पंजी की जांच, वेतन भुगतान एवं संबंधित मद की जांच, सरकारी वाहन/संसाधनों के उपयोग की जांच, कर्मचारियों से कराए गए कार्यों की जांच, तथा सक्षम अधिकारी की अनुमति की जांच की जानी चाहिए।

# शिवरतन ने कार्यकर्ताओं को दिया सेवा ही संगठन का मंत्र

### सेवा संकल्प कार्यशाला में शामिल हुए वरिष्ठ भाजपा नेता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 10 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके 25 वर्ष के सार्वजनिक-राजनीतिक जीवन के गौरवशाली अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर बुधवार को कौशलपुर मंडल के ग्राम कोलिहा और निपनिया मंडल के ग्राम मोपका में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए और कार्यशाला को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि भाजपा के लिए सेवा ही सबसे बड़ा संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 वर्षों में राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। एक सामान्य कार्यकर्ता से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक का उनका पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के सिद्धांत का जीवंत उदाहरण है।

शिवरतन शर्मा ने कहा की यह सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह हमारे लिए आत्मचिंतन और संकल्प का अवसर है। हमें यह संकल्प लेना है कि मोदी जी ने जो विकसित भारत 2047 का सपना देखा है, उसे पूरा करने के लिए हम बूथ स्तर पर अपनी पूरी शक्ति लगा देंगे। हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि इस एक माह के अभियान में हर बूथ तक, हर घर तक सेवा के प्रकल्पों को लेकर जाएं। शर्मा ने आगे कहा कि यह अभियान जनता से सीधा संवाद और मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम है। आज विपक्ष मुद्दाविहीन है क्योंकि मोदी जी ने गरीब, युवा, महिला और किसान हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है और हर लाभार्थी तक पहुंचना है।

इस अवसर पर कोलिहा में जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला उपाध्यक्ष केजूराम बघेल, हेमसिंह चौहान, नारायण साहू, सतीश सोनी, आनंद बंजारे, संतोष साहू, गोपाल शुक्ला, गोविन्द वर्मा एवं मोपका में महाबल बघेल, मथुरा यदु, संकेत अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण शर्मा, चेतन वर्मा, सहित दोनों मंडलों के मंडल महामंत्री, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष व बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घर के सामने खड़ी पत्रकार की कार में किसी ने आग लगा दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 10 सितम्बर।** गरियाबंद जिले के पाण्डुका थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते रात दिनांक 7 सितंबर को पाण्डुका निवासी हेमंत तिवारी के घर के सामने खड़ी उनके कार में आग लगा दी गई।जिससे कार जल कर राख हो गया। हालांकि की आग किन कारणों से लगाया गया है वो अज्ञात है। पर इस तरह पूरे जिले में किसी पत्रकार को निशाना बना कर उसको आर्थिक क्षति पहुंचाने का पहला मामला है। जिससे एक बार फिर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को टारगेट किया जाने का मामला सामने आया है। हाला कि इस घटना में पाण्डुका थाना में मामला दर्ज किया गया है और पाण्डुका पुलिस मामले की जांच कर रही है।बता दे कि जतमई मंदिर मार्ग में स्थित ग्राम पंचायत तौरेंगा के मौली पारा में निवास रत हेमंत कुमार तिवारी पिछले एक दशक से अधिक समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं विभिन्न प्रकार की घोटाले गड़बड़ियां जैसे ज्वलंत मुद्दे की खबरों को उठाते आ रहे हैं जिस वजह से कई लोगों में नाराजगी देखी जाती रही है तो वही अपराधिक प्रवृत्ति के लोग अपने निजी रंजिश या दुर्भावना बस ऐसी घटना को अंजाम देते हैं घटना बीती मध्य रात्रि की है। कार हमेशा की तरह घर के सामने लगे टीना शेड में खड़ी थी। और लगभग 12 बजे के आसपास गाड़ी के सेंसर से सायरन जैसी आवाज आने लगी उठकर देखा तो कार में आग धधक रही थी। मामले की जानकारी तुरंत पांडुका थाना प्रभारी चिंताराम देशमुख को दी गई फिर उन्होंने तुरंत अपने प्रधान आरक्षक प्यारी लाल साहू और पुलिस जवान अलीम को भेजा। फिर पुलिस वा पड़ोसियों की मदद से जल रहा गाड़ी को बचाने में सफलता प्राप्त हुई। इसी दरमियान आग की स्थिति को देखते हुए गरियाबंद फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी फोन कर दिया गया था।पर आग पर काबू पाने की सूचना देने पर मालगांव पहुंच चुके अग्निशमन की गाड़ी को वापस भेजे गए। घर में स्थित बोर मशीन की पानी और पड़ोसियों की विशेष मदद लेकर आग बुझाया गया पूरे अंचल सहित आसपास के क्षेत्र में यह पहली घटना है कि किसी के घर के सामने खड़े वाहन को आग के हवाले किया गया हो जबकि इस तरह घटना शहरों में सुनने को मिलता है।पर अब गांव में भी ऐसी घटना होने से लोग स्तब्ध है। और जतमई मार्ग में हुए इस घटना को लेकर अब लोग यह भी कहने लगे हैं। की अब जतमई मार्ग सुरक्षित नहीं रहा।

# पर्यावरण मित्र ग्रुप ने चौलधारा,बेनियार,खरालधस जलप्रपात देखा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कुरुद, 10 सितम्बर।** चौलधारा जलप्रपात बना सैलानियों का पैराडाइजकुरूद-पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक अध्ययन के उददेश्य से नगर की पर्यावरण मित्र ग्रुप के बाइक राइडर्स ने दो दिवसीय एडवेंचर बाइक टेकिंग कर उडीसा राज्य के साथ ही गरियाबंद के ओड स्थित जलप्रपातों की पैदल टैकिंग की। वीकेंड पर आयोजित इस टैकिंग दल को संस्था के वरिष्ठ सदस्य दक्षिणेन्द्र गिरी ने हरी झंडी दिखाकर मां चण्डी मंदिर से गंतव्य स्थल उडीसा राज्य के लिए रवाना किया। टैकिंग दल ने मगरलोड, गरियाबंद होते हुए बेसकैंप मैनपुर से अलसुबह चारो ओर से पहाडियों और हरियाली से घिरे गांव ओड के पास स्थित कारीपगार जलप्रपात की टैकिंग कर मनमोहक नैसर्गिक प्राकृतिक छटा का रोमांचक आनंद उठाया। ओड से प्रस्थान कर आमामोरा होते हुए उडीसा राज्य के चैलधारा जलप्रपात की बाइक टेकिंग के साथ 3 किमी की पैदल टैकिंग कर मनमोहक जलप्रपात का आनंद लिया। ततपश्चात बेनियारधस और खरालधस जलप्रपात का भी भ्रमण कर हरियाली से आच्छादित जलप्रपातों का आनंद लिया। विगत 30 वर्षो से ओड गांव में स्थित जलप्रपात में लगातार आने वालें ग्रुप लीडर पुष्कर गोस्वामी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि बचपन से ही ओंड स्थित बूढ़ाराजा, कारीपगार, शेषपगार, कुलाप जलप्रपातों का नयनाभिराम मनमोहम दृश्य आकर्षण का केन्द्र रहा है। टैऊकिंग दल में ग्रुप लीडर पुष्कर गोस्वामी, को-लीडर आकाश चंद्राकर, पर्यावरण लीडर नीरज शुक्ला सहित रोहित चैनवानी, तिजील गोस्वामी, अनय चंद्राकर, अर्जुन शुक्ला मनोज, टोमेश, कुंदन, चन्द्र कुमार, रितेश सहित ग्रुप के सदस्यगणों को पर्यावरण मित्र ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद शुक्ला ने बधाई दी।

■ हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक शाला कच्चे दफाई वार्ड-16 में कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों को निःशुल्क कापी-किताब, पेन और मोजा-जूता का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दल्लीराजहरा, 10 सितम्बर।** जीवन लाल साहू की अध्यक्षता में हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के तत्वाधान में शासकीय प्राथमिक शाला कच्चे दफाई वार्ड क्रमांक 16 दल्ली राजहरा में कक्षा पहली से पांचवीं तक के लगभग 50 बच्चों को निशुल्क वितरण किया गया कापी पेन मोज़ा जूता एवं बिस्किट टाफी स्कूली बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ शिरोमणि माथुर ने स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को अच्छी पढ़ाई लिखाई कर अनुशासित नागरिक एंव अपने भविष्य उज्जवल बनाने का शुभाशीष दिया।

समाज के असहाय निर्बल निर्धन लोगों के जनसेवा एंव कल्याण के प्रतिबद्ध एंव संकल्पित स्वयंसेवी संगठन हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कच्चे दफाई वार्ड क्रमांक 16 भगतसिंह वार्ड में लगभग 50 बच्चों को जूता मोज़ा कापी पेन एंव बिस्किट टाफी वितरण किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ शिरोमणि माथुर रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जीवन लाल साहू ने किया एंव विशेष अतिथि के रूप में पाठशाला की प्रधान पाठक सरिता राव एंव वार्ड के पार्षद पवेन्द्र कोडप्पा थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र में विधिवत पूजा-अर्चना से? की गई स्कूल की छात्र खिलेश कुमार एंव छात्रा कु देलीना ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत एवं सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया गया इसके उपरांत शास.प्राथमिक शाला पालक शिक्षक समिति एंव संस्था प्रधान द्वारा मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ शिरोमणि माथुर सहित मंचस्थ अतिथियों का गुलाल अभिषेक एंव पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ माथुर ने कहा कि नगर की स्वयंसेवी संस्था हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति द्वारा पिछले कई सालों से समाज के गरीब तबके असहाय निर्बल निर्धन पीड़ित प्रताड़ित लोगों का निःस्वार्थ भाव से सेवा किया जा रहा है ?केवल दल्ली राजहरा ही नहीं बल्कि डौण्डी ब्लाक के आसपास आदिवासी बहुल गांवों एंव विद्यालय में बच्चों को निशुल्क पठन पाठन समाग्री एवं गणवेश, जूता, मोज़ा, निशुल्क वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि समिति लगातार अपने उद्देश्य की सार्थकता को सिद्ध करते हुए जनसेवा एंव लोककल्याण की दिशा में कार्यरत हैं फलस्वरूप समाज के गरीब पिछड़े एंव आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों काफी मदद मिल रहा है उन्होंने समिति के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को हार्दिक बधाइयां संप्रेषित करते हुए लाभार्थियों स्कूली बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किये। कार्यक्रम को पालक शिक्षक समिति के उपाध्यक्ष सुमित्रा यादव एंव वार्ड पार्षद पवेन्द्र कोडप्पा ने भी सम्बोधित कर स्कूल के बच्चों को निशुल्क जूता मोज़ा कापी पेन वितरण पर खुशी जताई। जैन ट्रैडिंग कंपनी दल्लीराजहरा की ओर अक्षत जैन एवं राहुल शर्मा द्वारा समिति को कापी पेन उपलब्ध कराया गया कार्यक्रम में गणेश्वर साहु सुजल तारम एंव ओगी कुमार का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का? संचालन भूषण कुमार निर्मलकर ने एंव आभार प्रदर्शन संस्था के प्रधानाचार्य सरिता राव ने किया।

## समाचार संक्षेप

# निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गंदगी पाए जाने पर दिए जुर्माने के निर्देश



**रायपुर, 10 सितम्बर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के विभिन्न स्थानो का निरीक्षण अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, जोन 4 जोन स्वास्थ्य अधिकारी पुरन तांडी विरेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति में किया। प्रत्यक्ष निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानो पर गंदगी पाये जाने पर अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने गहन अप्रसन्नता व्यक्त की एवं गंदगी फैलाने वाले संबंधित व्यक्तियों पर जुर्माना करने और उन्हें स्वच्छता को लेकर हिदायत देने के निर्देश दिये। अपर आयुक्त के निर्देश पर जोन 4 जोन कमिश्नर के मार्गनिर्देशन में जोन 4 जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने गंदगी पाये जाने पर संबंधित 6 व्यक्तियों सोनू सोनकर पर 2000 रू., संतोष देवभोग मिल्क पार्लर पर 5000 रू., ऋषभ रक्सेल पर 2000 रू., सुनील लहरवानी, जलन सागर, चेतन मंडले पर 500-500 रू. कुल 6 व्यक्तियों पर 10500 रू. का ई चालान गंदगी पाये जाने पर किया एवं उन्हें भविष्य के लिये कडी चेतावनी के साथ स्वच्छता बनाये रखने की कडी हिदायत स्थल पर दी।

# कलेक्टर ने तीन अपराधियों को किया जिलाबदर

■ एक वर्ष तक जिला एवं सीमावर्ती जिलों में प्रवेश प्रतिबंधित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है।

आदेश के तहत थाना पलारी अंतर्गत निवासी नगर पंचायत पलारी के शिवम उर्फ कथरी वर्मा पिता हेमलाल वर्मा, थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत निवासी ग्राम करहीबाजार के राहुल कुमार अंजान पिता अशोक अंजान एवं थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार के विकास जोशी पिता राजकुमार जोशी को जिला बदर किया गया है।

उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 (ख ) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

# छात्रा का रास्ता रोककर पीछा करने, छेड़छाड़ व धमकी देने वाला सिरफिरा गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 10 सितम्बर।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, मनचलों पर नकेल कसने तथा महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा कॉलेज छात्रा का लगातार पीछा कर छेड़छाड़ करने, जान से मारने की धमकी देने एवं राह चलते परेशान करने वाले आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

मामले का संक्षिप्त विवरणः- कॉलेज छात्रा (पीड़िता) द्वारा थाना सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई कि जब भी वह कॉलेज आती-जाती थी, तब आरोपी रोशन सिंह राजपूत द्वारा रास्ते में उसका पीछा कर जबरन बातचीत करने, हांथ पकडकर छेड़छाड़ करने एवं बात न करने पर जान से मारने व बदनाम करने की धमकी दी जाती थी। पीड़िता द्वारा मना करने के बावजूद आरोपी द्वारा लगातार पीछा कर फोन पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 720/2026, धारा 78(1), 79, 351(2) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं गिरफ्तारीः- मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए एवं घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल (लाल रंग, क्रमांक छ्त्त 22 क्र 9895) एवं एक आईफोन (द्बक्थ्द्धश्ठ्ठद्ग 13) विधिवत जप्त कर कब्जे में लिया गया है। आरोपी को दिनांक 01.09.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पीड़िता की पहचान व पता पूर्णतः गोपनीय रखा गया है। रोशन सिंह राजपूत पिता उदय सिंह, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम रवान वार्ड नंबर 14, थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार।

# राज्यपाल डेका ने पद्म विभूषण तीजन बाई के गृह ग्राम गनियारी पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**रायपुर, 10 सितम्बर।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान स्वर्गीय गनियारी पहुंचकर छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्म विभूषण स्व. डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्व. डॉ. तीजन बाई के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर लोक कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके अप्रतिम योगदान का स्मरण किया।

राज्यपाल श्री डेका ने स्व. डॉ. तीजन बाई के परिजनों से आत्मीय भेंट की और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने परिजनों से चर्चा करते हुए उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। राज्यपाल ने कहा कि स्व. डॉ. तीजन बाई ने अपनी विशिष्ट कापालिक शैली और असाधारण प्रतिभा के माध्यम से पंडवानी को देश-विदेश में नई पहचान दिलाई। उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोक कला और सांस्कृतिक परंपरा को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में ऐतिहासिक योगदान दिया।

## एक नजर



**रायपुर, 10 सितम्बर।** भाजपा के वरिष्ठ सहकारी नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने छत्तीसगढ़ के लोक पर्व पोला के अवसर पर परंपरागत रूप से बैलों की पूजा की। इस अवसर पर उन्होंने गौवंश के संरक्षण व संवर्धन की अपील की।

### जीएफएफ में नवाचारों का शुभारंभ

**रायपुर, 10 सितम्बर।** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, संजय लोहिया ने देश में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में कई नवाचारों का शुभारंभ किया। इन पहलों में तत्काल रुपे कार्ड और मर्चेंट यूपीआई क्यूआर जारी करने के लिए ओपन-सोर्स (एंड्रॉयड) एटीएम की शुरुआत, चुनिंदा सरकार समर्थित ऋण योजनाओं के लिए 'यूपीआई पर क्रेडिट लाइन' की सुविधा तथा आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के तहत थ्री-पार्टी कैश डिपॉजिट की शुरुआत शामिल है। यह घोषणा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सौरभ विजय की उपस्थिति में की गई। यह समाधान ग्राहकों को एक सरल सेल्फ-सर्विस प्रक्रिया के माध्यम से एटीएम से सीधे तत्काल व्यक्तिगत रुपे डेबिट, क्रेडिट और एनसीएमसी कार्ड प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

### भैरव सोसायटी में 14 महास्वप्नों और पालना का दर्शन



**रायपुर, 10 सितम्बर।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में भक्तों ने सीमंधर स्वामी से मोक्ष मार्ग की पुकार लगाई। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि आज रात्रि 8 बजे से सीमंधर स्वामी परमात्मा के सम्मुख भैरव भक्त मण्डल ने सीमंधर स्वामी के पास हमें जाना है , संयम ले के केवल पा के मोक्ष हमें जाना है भावपूर्ण के गीत के माध्यम से श्रद्धालुओं को महाविदेह की भाव यात्रा कर दी। कोचर ने आगे बताया कि सीमंधर स्वामी वर्तमान काल में महाविदेह क्षेत्र में विराजमान हैं हम सभी के लिए मोक्ष जाने का मार्ग हैं। परमात्मा व दादागुरुदेव की प्रतिमाओं की नयनाभिराम आंगी बनाई गई। जिसके दर्शन करने भक्तों का तांता लगा रहा। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि 11 सितम्बर को प्रभु भक्ति के साथ ही भगवान महावीर स्वामी की माता रानी द्वारा देखे गए 14 महास्वप्नों के पूजन का अवसर श्रद्धालुओं को मिलेगा।

### समय-लागत बचाने युवा कैट करेगा एआई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**रायपुर, 10 सितम्बर।** युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कांती पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता ने बताया कि व्यापार जगत तेजी से डिजिटल और तकनीकी युग की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व्यापारियों के लिए केवल आधुनिक तकनीक नहीं, बल्कि कारोबार को अधिक स्मार्ट, तेज और लाभदायक बनाने वाला एक महत्वपूर्ण बिजनेस टूल बनकर उभर रहा है। इसी दिशा में व्यापारियों को एआई की व्यावहारिक जानकारी देने और इसके माध्यम से अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से युवा कैट द्वारा विशेष एआई प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी।
युवा कैट का उद्देश्य व्यापारियों को यह समझाना है कि एआई का उपयोग केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि छोटे दुकानदार, थोक व्यापारी, रिटेलर, सर्विस प्रोवाइडर और युवा उद्यमी भी इसका प्रभावी उपयोग कर सकते हैं। कार्यशाला में व्यापारियों को बताया जाएगा कि एआई की मदद से व्यवसाय का प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया कंटेंट तैयार करना, ग्राहक संवाद, उत्पाद की जानकारी तैयार करना, बाजार की जानकारी जुटाना।

# सुबह शहर में निकलें अधिकारी, देखें जमीनी हकीकत व कराएं काम : साव

## उपमुख्यमंत्री ने नगर निगमों और जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं के कामकाज की समीक्षा की

**रायपुर, 10 सितम्बर।** उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने अधिकारियों को सुबह शहर का भ्रमण कर जमीनी हकीकत देखने और मौके पर ही जरूरी काम कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निकाय केवल बजट खर्च करने वाली संस्थाएं नहीं हैं, बल्कि शहर के भविष्य की योजना बनाने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी उनकी है। नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नगर निगमों और जिला मुख्यालय वाले नगर पालिकाओं के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता, राजस्व वसूली, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, निर्माण कार्यों और शहरी अधोसंरचना से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**संपत्ति कर के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा:** अरुण साव ने निकायों की आय बढ़ाने के लिए संपत्तियों का सर्वे कराने और नई संपत्तियों को चिन्हित करने को कहा। उन्होंने संपत्ति कर जमा करने के लिए अधिक से अधिक निकायों में ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए।

**नालंदा परिसर जल्द शुरू करने पर जोर :** बैठक में निर्माणाधीन नालंदा परिसरों को जल्द शुरू करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने पर भी जोर दिया गया। फर्नीचर, आईटी सुविधाओं, किताबों और अन्य जरूरी संसाधनों के लिए राशि स्वीकृत कर जल्द टेंडर जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा राजस्व वसूली, वेतन भुगतान, एनर्जी बिल ऑडिट, एबीसी रूल्स, गोधाम योजना, निकायों की मॉर्निंग विजिट, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी और रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों की प्रगति भी देखी गई।



### अवैध कब्जे व अतिक्रमण पर तत्काल कार्रवाई करें

उपमुख्यमंत्री ने अवैध कब्जे और अतिक्रमण की शिकायत या जानकारी मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण पर समय रहते कार्रवाई नहीं होने से भविष्य में सड़क, पानी, बिजली और दूसरी बुनियादी सुविधाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

### अगले 50 साल के लिए तैयार करें जल प्रबंधन की योजना

अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवेश और पर्यटन की संभावनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में शहरों की अधोसंरचना को भविष्य की जरूरतों के अनुसार विकसित करना जरूरी है। उन्होंने नगरीय निकायों में अगले 50 वर्षों की जल जरूरत को ध्यान में रखते हुए चिंतन शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और उपयोग किए गए पानी के पुनः उपयोग की व्यापक योजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने शहर के हर घर तक पेयजल की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि भविष्य के जल संकट से बचने के लिए अभी से दीर्घकालिक रणनीति बनाकर काम करना होगा। अधिकारियों को पूरी क्षमता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ काम करने की जरूरत है।

### खाली जमीन पर बनाएं अर्बन फॉरेस्ट

प्रमुख सचिव ने शहरों में उपलब्ध खाली स्थानों को चिन्हित कर वहां सघन पौधरोपण कराने और अर्बन फॉरेस्ट विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने फुटपाथों को अतिक्रमणमुक्त रखने और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने को कहा। सामान्य सभा और एमआईसी की बैठकें भी नियमित और समयबद्ध तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

### इन योजनाओं की भी हुई समीक्षा

बैठक में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की घोषणाओं की अद्यतन स्थिति के साथ अधोसंरचना कार्य, नालंदा परिसर, मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, अमृत मिशन, जल आवर्धन योजना, पीएम स्वनिधि और पीएम ई-बस योजना की समीक्षा की गई।

# कांग्रेस को 'नाराज फूफा' बताए जाने पर बिफरे बैज




**रायपुर, 10 सितम्बर।** भाजपा के सोशल मीडिया पर कांग्रेस को 'नाराज फूफा' बताए जाने पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि नाराज फूफा तो पूरे देश की जनता है. प्रदेश और देश की जनता इस सरकार से त्रस्त हो चुकी है. जनता को जेन्युइन मुद्दों से भटकाने के लिए भाजपा इस तरह की बातें कर रही है.

दरअसल, बीजेपी ने सोशल मीडिया पर रैप सॉन्ग वीडियो जारी किया है. इसमें सरकार की आलोचना करने वालों को नाराज फूफा बताया गया है. इस पर मीडिया के सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि फूफा किसे कह रहे हैं, असली फूफा तो आप लोग (भाजपा) हैं. नकली पेट्रोल बेचा जा रहा है, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े हुए हैं. डबल इंजन की सरकार से जनता परेशान है.

वहीं साय कैबिनेट के फैसलों पर दीपक बैज ने कहा कि सरकार कई कैबिनेट बैठक कर ले, लेकिन देश के साथ प्रदेश की जेन जी को नहीं साध सकती. जेन जी के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया. शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग चौपट हो चुके हैं. अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं. युवाओं के लिए सरकार के पास कुछ भी नहीं है. पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा की यात्रा को लेकर बैज ने कहा कि भाजपा का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है. पीएम मोदी पेट्रोल-डीजल बचाने की बात करते हैं, और इधर 25 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर यात्रा निकाल रहे हैं. इथेनॉल मिलाकर डुप्लीकेट पेट्रोल दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि गोधरा कांड से लेकर जेन जी आंदोलन तक यही चल रहा है. महंगाई चरम पर है, और आम जनता त्रस्त है. नौकरियां नहीं है. भाजपा लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है, पहले भाजपा को आम जनता से माफी मांगनी चाहिए.

### उद्योगों के लिए अनुकूल परिस्थितियां नहीं

उद्योगों के महाकुंभ को लेकर दीपक बैज ने कहा कि सरकार महाकुंभ कर ले या मेला लगा ले. सरकार के पास उद्योगों के लिए अनुकूल परिस्थितियां नहीं है. उद्योगपति से लेकर आम जनता तक परेशान है. दो उद्योगपतियों के लिए यहां के खनिज संसाधनों को बेचा जा रहा है. मेला लगाने से क्या होगा. प्रदेश के उद्योगपतियों की अपेक्षाएं पूरी नहीं हो रही हैं.

### प्रोत्साहन



**रायपुर, 10 सितम्बर।** विधायक सुनील सोनी ने सरस्वती क.उ.मा.वि. नयापारा में कक्षा 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र तथा 5000-5000 रुपए का चेक प्रदान कर हार्दिक बधाई दी।

# मोदी के जन्मदिन से माह भर चलेगा भाजपा सेवा संकल्प अभियान

**रायपुर, 10 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर रायपुर जिला ग्रामीण एक दिवसीय कार्यशाला एकात्म परिसर में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। बजाज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर प्रत्येक घर में ÷आशीर्वाद का दीया÷ जलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह दीया प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए जनता के आशीर्वाद और शुभकामनाओं का प्रतीक होगा।



छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप ने सभी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए बूथ से लेकर जिला स्तर पर प्रभारी बनाने तथा सभी कार्यकर्ताओं को अभियान से जोड़ने का आव्हान किया।बैठक में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के अलावा गणेश शंकर मिश्रा , अंजय शुक्ला, देवजी पटेल, संजय ढीढी, डॉ लखन धीवर, ध्रुवकुमार मिर्धा, देवकर साहब, अनिमेष कश्यप, गुलाब टिकरिया, चन्द्रकांति वर्मा, संतोष शुक्ला, ललिता वर्मा, अशोक सिन्हा, किशोर देवांगन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संकल्प सेवा अभियानः जवाहर नगर मंडल की बैठक में तैयारी पर चर्चा

**रायपुर, 10 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे '''संकल्प सेवा अभियान''' के अंतर्गत आज जवाहर नगर मंडल की कार्यसमिति की कार्यशाला बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान संजय श्रीवास्तव ने भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती, जनसेवा तथा राष्ट्रहित के विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'संकल्प सेवा अभियान' के अंतर्गत 13 प्रकार के विविध आयोजन किए जाएंगे। इनमें प्रमुख रूप से 'आशीर्वाद का दीया', ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता, संगीतमय नाट्य प्रस्तुति, 'कहानी बदलाव की',




'सेवा ज्योति यात्रा', 'सरकार आपके द्वार' सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 'संकल्प सेवा अभियान' का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 25 वर्षों की जनसेवा की प्रेरणादायी यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना को और मजबूत करना है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों की जनसेवा की यात्रा भारतीय राजनीति में सेवा, संघर्ष, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का प्रेरणादायी उदाहरण है।'' उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में सदैव देश और समाज को सर्वोपरि रखते हुए जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य किया है। उनके नेतृत्व में भारत आज आत्मविश्वास और विकास की नई ऊंचाइयों की ओर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। हमें सेवा और समर्पण की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी है। श्रीवास्तव ने कहा कि ''आइए, प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की जनसेवा से प्रेरणा लेकर सेवा और समर्पण के इस संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएं।

# मंदिरों की सुरक्षा को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा



**रायपुर, 10 सितम्बर।** रायपुर पुलिस कमिश्नर कार्यालय सिविल लाईन में छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण समाज सभा द्वारा अध्यक्ष डॉक्टर सुरेश शुक्ला के नेतृत्व मे लगभग 50/60 की संख्या मे अपनी मांग आजीवन सदस्य श्रिभुवन नाथ तिवारी पिता स्व.रामकरण तिवारी निवासी रायपुर भाटागांव ढेबर सिटी अवधपुरी कालोनी राधा स्वामी मंदिर संतोषी नगर मे रविवार प्रात 6 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वार प्राणघातक हमला करते हुए जाति सूचक अशब्द का प्रयोग करने वाले आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी एवं धार्मिक कार्य स्थलों मे पुलिस व्यवस्था की मांग को लेकर पुलिस कमिश्नर महोदय जी के नाम संबोधित ज्ञापन गेट के सामने रोड़ पर रायपुर वेस्ट ष्ष्टक्कराहुल देव शर्मा जी को दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में सर्व डॉ सुरेश शुक्ला अध्यक्ष सरयूपारीण ब्राह्मण सभा, श्री अरुण शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, सूरेश मिश्रा अध्यक्ष कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रज्जन अग्निहोत्री, पंडित योगेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, व्ही के मिश्रा, राजेश त्रिपाठी बैद्यनाथ मिश्रा, ध्रुवनाथ तिवारी, दशरथ प्रसाद शुक्ला, डीके शुक्ल, प्रमोद शर्मा, प्रतीक मिश्रा, नागेन्द्र तिवारी, संतोष ओझा, प्रवीण चौबे, त्रिभुवन तिवारी, राहुल शर्मा शीबू शुक्ला संगमलाल त्रिपाठी, राजकुमार तिवारी, अशोक तिवारी, निशाकांत त्रिपाठी, उपेन्द्र त्रिपाठी, गौतम ओझा, दिवाकर तिवारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति, राहुल राज पांडे, एवं अन्य लोग शामिल थे।

# पदोन्नति के पदों पर संविदा भर्ती के विरोध में प्रदर्शन

**रायपुर, 10 सितम्बर।** पदोन्नति के पदों पर की गई संविदा नियुक्तियों के विरोध तथा नर्सिंग संवर्ग से संबंधित विभिन्न मांगों को लेकर नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ द्वारा तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है। इसी क्रम में प्रदर्शन के प्रथम दिन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन के माध्यम से नर्सिंग संवर्ग की विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण के लिए शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। संघ द्वारा कुल दस सूत्रीय मांगें रखी गई हैं।




**संघ की प्रमुख मांगें:** नर्सिंग डेमोंस्ट्रेटर एवं सहायक प्राध्यापक पदों पर की गई संविदा नियुक्तियों को निरस्त कर पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग की योग्यता रखने वाले नर्सिंग संवर्ग के कर्मचारियों को वरिष्ठता सूची के आधार पर नर्सिंग डेमोंस्ट्रेटर एवं सहायक प्राध्यापक पद पर पदोन्नति दी जाए।

नर्सिंग डेमोंस्ट्रेटर के 22 तथा सहायक प्राध्यापक के 18 पदों के लिए स्वीकृत सीधी भर्ती के आदेश के बावजूद सीधी भर्ती का विज्ञापन जारी न कर चिकित्सा शिक्षा विभाग के पात्र नर्सिंग संवर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति का अवसर दिया जाए। चिकित्सा शिक्षा विभाग के नर्सिंग संवर्ग के ग्रेड-पे एवं वेतनमान में वृद्धि से संबंधित प्रस्ताव को शासन स्तर पर भेजकर शीघ्र स्वीकृति आदेश जारी किया जाए। नर्सिंग ऑफिसर एवं सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पदनाम से संबंधित घोषणा के अनुरूप आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। नर्सिंग अलाउंस 7, 200 रुपये तथा वॉशिंग अलाउंस 1, 800 रुपये प्रतिमाह प्रदान किया जाए। संघ ने कहा कि इन मांगों को लेकर तीन दिवसीय सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन के प्रथम दिन संघ के पदाधिकारियों के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग के नियमित नर्सिंग संवर्ग के कर्मचारियों तथा संविदा एवं डेली वेजेस पर कार्यरत स्टाफनर्सों ने भी सहभागिता की।

# एआई मिशन के नाम पर युवाओं को सपना नहीं रोजगार का ठोस रोडमैप चाहिए : कांग्रेस

**रायपुर, 10 सितम्बर।** कांग्रेस ने मंत्रिमंडल के द्वारा मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन शुरू किये जाने के फैसले को युवाओं को ठगने का नया तरीका बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मंत्रिमंडल ने आज फैसला लिया है कि आने वाले 5 साल में युवाओं का स्किल डेवलपमेंट करने के लिये मुख्यमंत्री स्टार्टअप योजना चालू की जायेगी। सरकार इस एआई मिशन के नाम पर लगभग 500 करोड़ रूपये सरकार खर्च करेगी। पिछले मंत्रिमंडल में भी इस बारे में फैसला लिया गया था। सरकार युवाओं को रोजगार देने के बजाय अब एआई के नाम पर नए सपने बेचने की तैयारी कर रही है। सरकार का दावा है कि एआई मिशन के तहत 6 लाख विद्यार्थियों और 1.5 लाख सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा एआई स्टार्टअप को सहायता मिलेगी। लेकिन असली सवाल यह है कि इन प्रशिक्षणों के बाद कितने युवाओं को वास्तविक रोजगार मिलेगा? कितने युवाओं को नौकरी मिलेगी? कितने स्टार्टअप जमीन पर उतरेंगे और कितने केवल कागजों में रहेंगे?



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार के इस फैसले पर युवाओं को भरोसा नहीं है, यह सरकार रोजगार किलिंग सरकार है। 2023 के विधानसभा चुनावो में युवाओं से वादा किया था कि 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। पिछले पौने तीन साल में एक भी भर्ती नहीं निकाला। प्रोफेसर की पोस्ट खाली है, शिक्षको का पोस्ट खाली है। प्रदेश के अनेकों विभागों में लगभग 1 लाख 7 हजार पोस्ट खाली है। अब एआई मिशन मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन के नाम से युवाओ को फिर से ठगने की कोशिश कर रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ का युवा इनके भ्रम में नहीं आने वाला है। इनके ठगने का सबूत यही है कि उनके पास सवा दो साल बचे है और 5 साल की कार्य योजना बना के युवाओं में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26